खबर संक्षेप

## टांगी से चोट पहुंचाने वाले को 1 वर्ष का सश्रम कारावास

**शहडोल।** माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती प्रीति साल्वे द्वारा शासन विरूद्ध शेख महमूद पिता शेख जहूर निवासी ग्राम पाथर थाना गोहपारू में आरोपी को भादवि0 धारा 324 में एक वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। शासन की ओर से उक्त प्रकरण में शैलेन्द्र परस्ते सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा पैरवी की गई । सहायक मीडिया प्रभारी राकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि फरियादी द्वारा थाना गोहपारू में रिपोर्ट लिखाई गयी कि 21 फरवरी 2018 को करीब दो बजे दोपहर फरियादी बदरीद नवी की बाड़ी में घुस कर आरोपी बाड़ी काट रहा था, फरियादी के मना करने पर उसे घसीटते हुये बाहर लाकर मां बहन की गंदी गाली देते हुये कुल्हाडीं से मारा, जिससे उसके कमर के ऊपर भाग पर सूजनदार चोंट, हाथ पैर में खरोंचदार चोंट आई। उक्त रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया । विवेचना अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा अभियोजन द्वारा प्रस्तुत किए गए सशक्त तर्कों से सहमत होकर एवं प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विचारण उपरांत आरोपी को उपरोक्तानुसार दण्ड से दंडित किया गया।

## युवक ने की खुदकुशी

**शहडोल।** जिला मुख्यालय से सात किलोमीटर दूर सोहागपुर थाने के जमुई मौहार टोला में रहने वाले 20 वर्षीय युवक ने फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। जान देने के पहले उसने अपने घर वालों को फोन करके कहा था कि आज आखिरी है, कल से परेशान नहीं करूंगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। निखिल जायसवाल पिता शोभनाथ जायसवाल उम्र 20 निवासी जमुई मानसिक रूप से बीमार था और पहले भी दो बार प्रयास किया था पर बच गया। इस बार उसकी मौत उसे साथ ले गई। सोहागपुर थाना के प्रधान आरक्षक रामनिवास पांडेय मामले की जांच कर रहे हैं। रामनिवास पांडेय ने बताया कि घटना रात की है। सुबह जब गांव के लोगों ने युवक का शव उसके घर से दो किलोमीटर दूर एक खेत में छेवला के पेड़ से लटकते देखा तो घर के लोगों तथा पुलिस को सूचना दी। प्रधान आरक्षक ने बताया कि मरने से पहले युवक ने घर के लोगों से फोन पर बात की थी और कहा था कि आज आखिरी है, कल से परेशान नहीं करूंगा। युवक अविवाहित था और मजदूरी करता था। परिवार में एक भाई और एक बहन भी हैं। घर के लोगों का कहना है कि रात को बिना बताए घर से गया था और सुबह यह सूचना मिली। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजनों को शव सौंप दिया और इस मामले में विवेचना जारी है।

## रविकारण बने पेंशनर्स एसोसिएशन के संभागीय उपाध्यक्ष



**शहडोल।** वरिष्ठ नागरिक पेंशन संगठन मध्य प्रदेश की इकाई के द्वारा शहडोल संभाग के विभिन्न नगरीय निकायों में कार्यरत और सेवानिवृत हो चुके, पूर्व सीएमओ रवि करण त्रिपाठी को संभागीय उपाध्यक्ष के पद से नवाजा गया है, इस संदर्भ में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा जारी पत्र में उनकी नियुक्ति की घोषणा की गई है और पेंशनर हित में काम करते हुए संगठन को मजबूत बनाए रखने की अपेक्षा भी की गई है, संभागीय अध्यक्ष व प्रांतीय उपाध्यक्ष राम लखन तिवारी के द्वारा जारी नियुक्त पत्र में या उल्लेख किया गया है कि रामनरेश तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष की अनुशंसा एवं प्रांत अध्यक्ष राजकुमार दुबे की सहमति से रवीकरण त्रिपाठी को संभागीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, रविकरण त्रिपाठी की नियुक्ति पर शहडोल नागरिक पेंशन संगठन के सदस्य और अन्य पदाधिकारी ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### 200 करोड़ से 1200 करोड़ तक पहुंचा प्रदेश का खनिज राजस्व

# बिना सुरक्षा बल के अधिकारी न जाएं जांच पर

### पर्यावरण के लिए रिस्पांसिबल होनी चाहिए मीनिंग

शहडोल में अवैध रेत के खनन मामले में पहले पटवारी और अब सी की हत्या के बाद खनिज विभाग के की निकुंज श्रीवास्तव बुधवार को शहडोल पहुंचे उन्होंने अधिकारियों की बैठक ली और राजस्व बढ़ाने के साथ ही चोरियों को रोकने और हादसों की पुनरावृत्ति ना हो इस पर बैठक भी ली और दिशा निर्देश भी दिए।

शहडोल।

एकदिवसीय दौरे पर खनिज विभाग के प्रमुख सचिव निकुंज श्रीवास्तव बुधवार को शहडोल पहुंचे थे, उन्होंने इस दौरान कमिश्नर के साथ ही शहडोल, उमरिया और अनूपपुर के कलेक्टर और खनिज अधिकारियों की साथ बैठक ली, उनके साथ खनिज विभाग की पांच सदस्य टीम भी थी , जो बीते कुछ दिनों से शहडोल आई हुई है, बैठक के उपरांत पत्रकारों से चर्चा करते हुए निकुंज श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार को राजस्व की अत्यंत आवश्यकता है, आज हम 200 से 1200 करोड़ के खनिज राजस्व पर खड़े हैं, यह सब खनिज के अवैध उत्खनन को रोकने के कारण ही संभव हो सका है। इंलीगल माइंस को रोकने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं , उनमें अभी और सुधार की जरूरत है, हम आधुनिकतम टेक्नोलॉजी का उपयोग कर अवैध खनन को रोकने का और प्रयास कर रहे हैं, जिससे राजस्व की और बढ़ोतरी भी होगी, साथ ही बीते दिनों शहडोल में हुई घटनाओं की पुनरावृत्ति पर भी लगाम लगेगी।

### माईनिंग की जवाबदेही आवश्यक

श्री श्रीवास्तव ने कहा कि बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी स्थिति में अवैध खनन की सूचना मिलने के बाद अकेले वहां न जाए पर्याप्त सुरक्षा बल लेकर वहां जाएं, प्रमुख सचिव ने यह भी बताया कि तकनीकी का उपयोग कर कुछ नए प्रयोग शहडोल सहित पूरे प्रदेश भर में किया जा रहे हैं जिसके अच्छे नतीजे सामने आएंगे, उन्होंने यह भी कहा कि ओवरलोड रेट परिवहन पर रोक लगाने के लिए भी दिशा निर्देश



दिए गए हैं। इसके अलावा मुरूम के अवैध उत्खनन और इसकी लीज को लेकर भी विचार किया जा रहा है, सोन घड़ियाल, बायोस्फीयर क्षेत्र के समीप रेत उत्खनन और वहां ठेके पर खदान देने के सवाल के संदर्भ में उन्होंने कहा कि माईनिंग रिस्पांसिबल होनी चाहिए, उसकी एनवायरमेंट की इंश्योरेंस की जाती है और उसमें एनवायरमेंटल क्लीयरेंस का एक लंबा प्रोसेस है और वह एनवायरमेंटल प्रक्रिया तभी संपन्न होता है और अनुमति तभी मिलती है जब पर्यावरण की दृष्टि से एक माइनिंग प्लान भी होता है।

### टेक्नोलॉजी रोकेगी अवैध रेत खनन

रेत के अवैध खनन और परिवहन को रोकने के लिए सेटेलाइट और आधुनिक एवं इलेक्ट्रानिक नाको का उपयोग आने वाले महीनों में शुरू होगा। सेटेलाइट से जहां वैध खदान की निगरानी होगी, वहीं अवैध खनन पर भी नजर रखी जायेगी। वैध खदान कितने क्षेत्रफल में रेत निकाल रही है, इस पर ऊपर से निगरानी होगी, जो हर क्यूबिक टन रेत खनन पर न सिर्फ नजर रखेगा, बल्कि उसे काउंट करेगा और उसी आधार पर रॉयल्टी और भविष्य की ठेका राशि निर्धारित होगी। इसी माध्यम से ठेका कंपनी से पर्यावरण की शर्तों का पालन करने, न करने पर भी निगरानी रखी जायेगी। वहीं इलेक्ट्रानिक नाके पर अब वाहन को रूकाने और कागज जांच करने की आवश्यकता नहीं है, इन नाको से गुजरने पर वाहन का नंबर और उसमे लदी रेत ईटीपी से खुद जांच करेगी, वाहन के परमिट व नंबर आदि की जांच उसी लिंक से जुड़े परिवहन विभाग तक पहुंचेगी, वाहन में कितनी मात्रा में खनिज लदा है, यह भी इलेक्ट्रानिक जांच नाके खुद आंकेंगे और कार्यवाही के लिए संबंधित राजस्व या खनिज विभाग को तस्दीक करेंगे। इसमें इलेक्ट्रॉनिक ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रीडर होगा, जिसमें की एक वेरिएबल फॉक्स कैमरा होगा, जिसमें की एक आरएफआईडी रीडर होगा और यह सब एआई बेस्ड रिकॉर्डिंग ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रीडर होगा। जिसमें की एक वेरिएबल फॉक्स कैमरा होगा, जिसमें की एक आरएफआईडी रीडर होगा और यह सब गाडियां जा रही है तो, हमें सिस्टम से पता चल जाएगा कि कौन सा अवैध परिवहन हो रहा है गाड़ी का मालिक कौन है।

### जल्द अपडेट होगा राजस्व महकमा

आम लोगों के नामांतरण, सीमांकन जैसे कार्यो के लिए भटकना भविष्य में बंद हो जायेगा, उनका बहुत सरलता से और बहुत फास्ट निराकरण और उसके लिए हम लोग टेक्नोलॉजी का उपयोग करेंगे, निकुंज श्रीवास्तव ने बताया कि मध्य प्रदेश देश में पहला राज्य है, जहां साइबर तहसील लागू की गई है और साइबर तहसील के माध्यम से आम नागरिक रजिस्ट्री के बाद अपना नामांतरण के लिए जाते हैं, उनका जाना बंद हो जायेगा, ऑटोमेटिक नामांतरण प्रक्रिया रजिस्ट्री के साथ शुरू होगी, ऑनलाईन सभी पक्षों को मैसेज जायेंगे, आपत्ति नहीं आई तो, सप्ताह-दस दिन में खुद नामांतरण होकर खसरे और पट्टे में नाम दर्ज हो जायेगें।

## खेल व कला संस्कृति के विकास का घोट रहे गला

### मैदान व सांस्कृतिक मंचों का डकार गए सरपंच व सचिव बजट

**शहडोल।** ग्रामपंचायतों के चतुर्दिक विकास के लिए शासन ने कुछ वर्षों पूर्व सभी पंचायतों में खेल मैदान और सांस्कृतिक मंच के लिए न केवल आदेशित किया था बल्कि उनके लिए लाखों रुपए का बजट भी दिया था। जिले में लगभग 390 ग्रामपंचायतें हैं, इन पंचायतों में से अधिकांश पंचायतें ऐसी हैं जहां आज तक न तो खेल मैदान बने और न सांस्कृतिक मंच बनाए गए हैं। इनका बजट कहां गया, आज तक खोजबीन नहीं की गई जबकि ग्रामीण आज भी इन सुविधाओं से वंचित हैं। शासन की मंशा थी कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के प्रति जागरुकता बढ़ाने और प्रतिभाओं की तलाश करने के लिए मैदान अति आवश्यक हैं। जबकि दूसरी ओर लोककला और आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक मंचों का प्रावधान किया गया था। लेकिन सरपंच और सचिव की भ्रष्ट जुगलजोड़ी ने शासन की मंशा पर पानी फेर दिया।

**खेतों में खेल रहे बच्चे-** खेल मैदानों का पैसा तो ग्रामपंचायत डकार गई, अब बच्चों को खेलने की जगह कहां




मिले? बच्चे गांवो के खाली पड़े खेतों में खेलने जाते हैं। जबकि शासन के प्रावधान के अनुसार ग्रामपंचायतों को अपने क्षेत्र में खाली पड़ी शासकीय भूमि को समतल कर उसे मैदान के रूप में विकसित किया जाना चाहिए था। उसमें चारो तरफ बाउण्ड्री बनाकर उसे सुरक्षित करना और फिर मैदान के किनारे पौधे रोपे जाने थे, पंचायतों ने इस दिशा में कोई काम नहीं किया। अलबत्ता बाउण्ड्री और पौधों का पैसा भी डकार लिया। अब बच्चे वर्तमान में खेतों में खेलों का अभ्यास करने को विवश हैं। आज तक प्रशासन के किसी अधिकारी ने पंचायत क्षेत्रों में मैदानों की तलाश नहीं की।

**मंच बना नहीं, चौपाल होती नहीं-** आदिवासी लोककला और सांस्कृतिक गतिविधियों को जीवंत रखने तथा उन्हे पोषित करने के लिए मंच की आवश्यकता है। शासन की मंशा थी कि पंचायतों में मंच निर्मित करा दिए जाने से ग्रामीण जन अपने कार्यक्रम, तीज त्योहारों के आयोजन इन्ही मंचों पर कर सकेंगे। कुछ पंचायतों में जहां मंच की सुविधा है आदिवासी ग्रामीण नवदुर्गा उत्सव बड़े धूमधाम से मनाते हैं मंच में माता की झांकी विराजी जाती है। वे माता रानी की उपासना अपने आदिवासी संस्कृति के अनुरूप करते हैं। इसके अलावा ग्रामीणों को बैठने और आपसी चर्चाओं के लिए भी एक जगह उपलब्ध होती है।

## टेटका ग्राम पंचायत की पहचान एक कलर के सभी मकान

शहडोल।




कलेक्टर तरुण भटनागर के निर्देशन व जिला पंचायत सीईओ राजेश जैन के मार्गदर्शन पर जनपद पंचायत जयसिंहनगर के सीईओ अशोक मरावी के नेतृत्व पर आज ग्राम टेटका पर जन चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य गांव की एक पहचान व एकरूपता ,सामाजिक समरसता के साथ अनेकता में भी एकता की प्रतीक के लिए सभी घरों की एक कलर की पुताई कराए जाने का विशेष आग्रह जनपद पंचायत सीईओ के द्वारा किया गया। जहां उपस्थित पंचायत के सरपंच, उपसरपंच, सचिव, पटवारी, शिक्षक, पेसा मोबिलाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,सहायिका , रिटायर्ड कर्मचारी गण एवं गाँव के प्रबुद्ध नागरिक गण द्वारा सर्व सम्मति से समानता की भाव, गांव की विशेष पहचान के लिए अपने घरों की पुताई एक कलर में कराए जाने की सहमति जताई गई, जिसमे प्रथम चरण में शासकीय भवन, जनप्रतिनिधिगण, कर्मचारी गण, पीएम आवास हितग्राहियों एवं गांव के प्रबुद्ध नागरिक गण के घरों की एक कलर की पुताई का विशेष रूप से लक्ष्य रखा गया है। उक्त जन चौपाल कार्यक्रम में श्रीमती विद्या बाई सरपंच, वीरेन्द्र कुमार द्विवेदी उपसरपंच, जनपद पंचायत जयसिंहनगर के पेसा ब्लॉक समन्वयक शारदा मौर्य, उपयंत्री संदीप मेहरा, सचिव संजीव तिवारी सहित पटवारी व रिटायर्ड कर्मचारी व स्थानीय आमजनमानस की उपस्थिति में यह अनोखी पहल पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया व स्थानीय आमजनों को प्रेरित किया गया।

## नशा मुक्ति जागरूकता अभियान संपन्न

शहडोल।




नशा मुक्ति एक महत्वपूर्ण मनाविक उद्देश्य है, जिसका मकसद व्यक्ति या समाज को नशे से मुक्त करना है। नशा हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक होता है, धीरे-धीरे शरीर को मारता है। नशा करना मतलब आत्महत्या करना होता है। इसी सामाजिक उद्देश्य को लेकर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान मित्रम शिक्षा और जनकल्याण सेवा समिति शहडोल द्वारा वार्ड क्रमांक 8 में 15 मई को आंगनबाड़ी केंद्र पांडव नगर शहडोल में एक नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि श्रीमती ममता वेस रही। मुख्य अतिथि ने कहा नशा हमारे सामाजिक व्यक्तिगत और आर्थिक संबंधों को खराब कर देता है जिससे समाज में कई बुराइयां पैदा होती है। मित्रम शिक्षा सेवा समिति के उपाध्यक्ष डॉक्टर धीरेंद्र पांडे ने भी अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने बताया नशा मुक्ति का महत्व केवल स्वास्थ्य और जीवन के लिए बल्कि समाज के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उक्त कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्रीमती डॉ भारती तिवारी ने बताया कि नशा करना अपने और अपने परिवार का अहित करना है, जिसका दुष्प्रभाव हमारे आने वाली पीढ़ी के ऊपर भी आता है साथ ही उन्होंने नशा मुक्ति के रोचक और घरेलू उपाय बताए। साथ उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को बताया कि किस प्रकार से वह अपने बच्चो और पति की काउंसलिंग करे और अपने विवेक से प्रेम और सौहाद्र पूर्वक वातावरण निर्मित करें और इसके दुष्प्रभावों को अवगत कराए। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता संतगोपाल बंसल ने की, उन्होंने भी इस बुराई और उसके होने वाले गंभीर परिणामों को समस्त वार्डवासियों को अवगत कराया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती करुणा तिवारी, आंगनवाड़ी की सहायिका श्रीमती उषा खरिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक समाजसेवी तथा महिलाएं उपस्थित रही। उक्त जागरूकता अभियान में आए सभी गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों और अतिथियो का आभार प्रदर्शन समिति की अध्यक्ष श्रीमती आशा महर्षि, अनंत तिवारी ने किया ।

## शिकायतों के निराकरण हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

शहडोल।



कलेक्टर तरूण भटनागर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक, ट्वीटर, इंस्टाग्राम में आम जनता द्वारा प्राप्त होनी वाली शिकायतों एवं समस्याओं का समयावधि में कार्यवाही करने हेतु डिप्टी कलेक्टर सुश्री अर्चना मिश्रा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि नोडल अधिकारी कलेक्टर के सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक, ट्वीटर, इंस्टाग्राम आदि पर प्राप्त हाने वाली शिकायतों, समस्याओं को संबंधित विभाग को तत्काल अग्रेषित कर कार्यवाही कर अवगत कराने का निर्देश देगीं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म की शिकायत का स्क्रीनशाट लेकर उसे सही तरीके से कॉपी कर संबंधित विभाग के अधिकारी को व्हाट्सएप, मेल आदि पर तत्काल प्रेषित कर कार्यवाही उपरांत रिपोर्ट लेगीं तथा मूल शिकायत, सुझाव आदि पर विभाग द्वारा की गई कार्यवाही सहित समस्त जानकारी प्रत्येक समय सीमा की बैठक में प्रस्तुत करेंगी।

कलेक्टर शहडोल के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक,ट्विटर, इंस्टाग्राम में जब भी कोई कमेंट, शिकायत और सुझाव दे तो उसे व्यवस्थित और पूरी जानकारी के साथ दिया जाये ताकि उस पर आगे की कार्यवाही के लिए सबंधितों को निराकरण के निर्देश दिए जा सकें तथा कॉमेंट में फोन नंबर अवश्य दर्ज करें जिससे संपर्क स्थापित किया जा सके।

## जोगनी माता मंदिर में हुआ जवारे का विसर्जन, लगा मेला

घुनघुटी।

जोगनी माता मंदिर में बैसाख महीने की जानकी नवमी पर लगने वाले मेला और मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। यहां मंदिर के मुख्य द्वार पर शिव शक्ति गणेश की प्रतिमा विराजमान है तो, अंदर प्राचीन चौंसठ योगिनी प्रतिमा विराजमान है, जिनको ग्राम की कुलदेवी जोगनी माता के रूप में लोग पुरातन काल से पूजते हैं, दरबार के बाजू में संकट मोचन हनुमान जी की दिव्य प्रतिमा है, जहां पर मंगलवार और शनिवार को ग्राम के लोग यहां पर मंगल कामना के साथ पहुंचते हैं । ग्राम के प्रमुख आस्था के केंद्र में विकसित हो चुके, घुनघुटी की जोगनी माता मंदिर को बनवाने के लिए ग्राम के लोगों की श्रद्धा भक्ति से अंतिम रूप देने में तकरीबन दो दशक का समय लग गया, जहां पर हर हिंदू धार्मिक पर्वों पर अनुष्ठान पूजा ,पाठ के लिए मंदिर में पर्याप्त इंतजाम जन सहयोग से सहज में ही हो जाते हैं।

घुनघुटी के पंडान टोला में विराजी मां जोगनी माता मंदिर किसी एक पक्ष का सहयोग नहीं बल्कि जन सहयोग से निर्मित हुआ है, श्रद्धा भक्ति का प्रतीक बन मां जोगनी का दरबार में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जानकी नवमी के पर्व पर विधि विधान धार्मिक कार्यक्रम सहजता से पूरे श्रद्धा भाव से उत्साह के माहौल मनाने में सफल रहा है।

**रामायण कीर्तन का भव्य आयोजन** - जोगनी माता मंदिर पर अष्टमी के दिन से ही भगत रामायण कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें माता जोगनी को प्रसन्न करने के लिए भगत रामायण कीर्तन कर श्रद्धालुओं द्वारा भव्य आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

**किया गया हरे जवारे का विसर्जन-** वैशाख महीने के



शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि 16 मई गुरुवार को घुनघुटी जोगनी माता मंदिर में 580 हरे जवारे का काली नृत्य के साथ हुआ, विसर्जन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी घुनघुटी गांव के पंडान टोला स्थित जोगनी माता के मंदिर में हरे जवारे कलश स्थापित किया गया था, वहीं जोगनी माता के पंडा शिव प्रसाद सिंह ने बताया कि विगत सालों से जोगनी माता मंदिर में जवारा कलश की स्थापना किया जाता था। सुबह से ही जोगनी माता के दर्शन करने से श्रद्धालु काफी संख्या में आते हैं और पूजा अर्चना कर अपनी मनोकामना को पूर्ण करने माता से प्रार्थना करते हैं, उन्होंने बताया कि जानकी नवमी की अष्टमी तिथि पर माता रानी के श्रंगार के साथ विशेष पूजा, अर्चना, रामायण, गीता,भंडारा, वहीं अष्टमी के दिन माता रानी को मिष्ठान, फल फूल, का भोग लगाया जाता है। उन्होंने बताया कि 16 मई को जानकी नवमीं तिथि पर जवारा कलश का विसर्जन किया गया, जोगनी माता मंदिर स्थान से मां काली नृत्य के साथ जवारा कलश विसर्जन किया गया। जुलूस मंदिर के मुख्य मार्ग होते हुए खैर माता मंदिर में पूजा अर्चना कर नदी में जवारा विसर्जन किया गया।

**भव्य भंडारे का हुआ आयोजन-** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी घुनघुटी के नवयुवाओं द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।

## कर्मचारियों की समस्याओं को दूर करने नहीं दिया जा रहा ध्यान

### श्रमिक कॉलोनी में बढ़ती समस्या पर मजदूर सभा ने उठाए सवाल

धनपुरी।



कुछ समय पहले हिंद मजदूर सभा के तत्वाधान में एसईसीएल सोहागपुर एरिया महाप्रबंधक कार्यालय के सामने कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर हड़ताल की गई थी, जो की 10 दिनों तक चली थी , इसके बाद प्रबंधन के साथ चर्चा होने के बाद समस्याओं के समाधान को लेकर आश्वासन दिया गया और हड़ताल समाप्त हुई, लेकिन 2 महीने का समय बीत रहा है ना समस्याओं का समाधान हो रहा है और ना ही इस तरफ ध्यान दिया जा रहा है यही कारण है कि हिंद मजदूर सभा एरिया अध्यक्ष शशि भूषण शुक्ला इस पर सवाल उठाए हैं।

हिंद मजदूर सभा के एरिया अध्यक्ष शशि भूषण शुक्ला ने कहा कि कोयला खदानों में काम करने वाले कर्मचारी आज समस्याओं के बीच रहने को मजबूर हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। कई बार प्रबंधन से बैठकों में चर्चा की गई, समस्याओं की तरफ ध्यान आकर्षित कराया गया, लेकिन सिर्फ समस्याओं के समाधान के नाम पर आश्वासन ही दिया गया और कर्मचारियों के सामने अभी भी समस्याएं जस की तरफ देखी जा सकती है। 15 जून के बाद से मानसून शुरू हो जाएगा और इसके साथ ही कॉलोनी की समस्याओं से कर्मचारियों को परेशान होना पड़ेगा, इस वर्ष कोयला उत्पादन एरिया ने नया कीर्तिमान स्थापित किया और वह रुपए का लाभ हुआ और इस लाभ में जिन कर्मचारियों का सबसे बड़ा योगदान होता है आज वह समस्याओं के बीच रहने को मजबूर हो रहे हैं, सवाल इस बात का उठना है कि आखिर इस दिशा में किसी तरह से प्रबंधन की ओर से ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा है, कॉलोनी में अगर निरीक्षण किया जाए तो, वहां की समस्याएं साफ तौर पर देखी जा सकती है, किस तरह से कर्मचारी समस्याओं के बीच रहने को मजबूर है और जैसे ही बरसात शुरू होगी, यह समस्याएं और भी अधिक बढ़ जाएगी। हिंद मजदूर सभा की एरिया अध्यक्ष शशि भूषण शुक्ला ने कहा कि सोहागपुर एरिया में लगभग आधा दर्जन से भी अधिक श्रमिक कॉलोनी है , सभी श्रमिक कॉलोनी में समस्याएं देखी जा सकती है, सबसे अधिक यहां पर बरसात में आवासो से टपकता पानी सबसे अधिक समस्या बढ़ाती है , सडक़ों की जर्जर हालत भी कॉलोनी में देखी जा सकती है, कई समस्याएं हैं, जो कहीं ना कहीं कर्मचारियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है , उन्होंने एरिया महाप्रबंधक से मांग की है कि बरसात से पहले श्रमिक कॉलोनी की समस्याओं को दूर करने की दिशा में ध्यान दिया जाए।

## खबर संक्षेप

### अवैध रेत चोरी कर परिवहन करते पाए जाने पर बिजुरी ने की कार्यवाही

**बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार के द्वारा अवैध रेत परिवहन पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मन्सूरी एवं एस.डी.ओ.पी. कोतमा वीरेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में बिजुरी पुलिस द्वारा 15 मई के रात्रि केवई नदी कटकोना घाट में घेराबंदी कर एक सिल्वर कलर के आयशर 333 बिना नम्बर के ट्रेक्टर ट्राली से अवैध रेत परिवहन करने पर रेड कार्यवाही कर अवैध रेत परिवहन करते हुए उक्त ट्रेक्टर ट्राली को जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया तथा आरोपी चालक चन्द्रीका प्रसाद साहू पिता स्व. जगदीश प्रसाद साह उम्र 26 वर्ष निवासी कटकोना थाना बिजुरी के विरुद्ध क्रमांक 130/2024 धारा 379, 414 ताहि 4/21 खान खनिज अधिनियम वाहन एमव्ही एक्ट की धारा 130(3)/177, 3/181 का पंजीबद्ध किया जाकर अनुसंधान किया जा रहा है उक्त रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी बिजुरी निरीक्षक विकास सिंह सहायक उपनिरीक्षक कमलेश शुक्ला, प्रदीप अग्निहोत्री, प्रधान आरक्षक विनोद मिंज, आरक्षक लक्ष्मण दांगी, प्रभाकर त्रिपाठी, रामनिवास गुर्जर एवं चालक आरक्षक अनिल मरावी का उल्लेखनीय भूमिका रही।

### शराब के पैसे न देने पर दी जान से मारने की धमकी

**कोतमा।** नगर के वार्ड क्रमांक 5 पुरानी बस्ती निवासी अनुज कुमार शर्मा ने थाने में शिकायत दर्ज करवाया कि वह वार्ड क्रमांक 5 में राजेश तिवारी के मकान में किराए से रहता है और उसी मकान में कुछ बाहरी लोग भी किराए से रहते हैं। बुधवार को आंगन में शराब के नशे में यह लोग आपस में गाली गलौज कर रहे थे। इतने में मैं निकला तो उन्हीं के बीच से एक आदमी मेरे से शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। मेरे मना करने पर मेरे साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने के लिए रोहित की राड निकाल लिए, और गाली गलौज करते हुए मेरे कमरे के अंदर घुस आए और मुझे जान से मारने की धमकी देने लगे इतने में मोहल्ले वाले आ गए और बीच बचाव किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सरदार नौनिहाल सिंह सुजाल प्रजापति जोध सिंह अशोक कुमार नायक के खिलाफ धारा 327, 452, 294, 506, 34 आईपीसी का मामला कायम करते हुए विवेचना में लिया।

### 4 जून को शुष्क दिवस घोषित

**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने मतगणना दिवस 4 जून को संपूर्ण दिवस के लिए जिले की समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानें, भांग एवं एफएल 3ए एवं देशी मद्य भण्डागार बंद रखे जाने के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। शुष्क दिवस के अवसर पर मदिरा का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इन शुष्क दिवस पर मदिरा का अवैध रूप से निर्माण, परिवहन, भण्डारण, विक्रय आदि नही हो, इसके साथ साथ आस पास के क्षेत्रों में मदिरा का अवैध परिवहन नही हो सके, इस हेतु आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा समुचित ध्यान देते हुए चौकसी एवं निगरानी रखेंगे।

### नगरीय क्षेत्र उमरिया में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया।** आयुक्त बी.एस.जामोद एवं कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा चलाने हेतु निर्देश दिए गए हैं। जिसके परिपालन में नगरीय क्षेत्र उमरिया अंतर्गत जिला मुख्यालय उमरिया की जीवन दायिनी उमरार नदी के खलेसर घाट में सम्पूर्ण नदी के साफ सफाई का अभियान चलाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि उमरार नदी में साफ सफाई का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## खदान न होने के बावजूद शासकीय निर्माण में पहुंच रही मुरूम

# जिम्मेदारों की गोद में बैठा है खनन माफिया

**उमरिया।** जिले में गौण खनिजों की हो रही अवैध उत्खनन और परिवहन कर माफिया शासन को लाखों के राजस्व का नुकसान पहुंचा रहें हैं। सब कुछ जानकर भी जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंद कर बैठे हुए हैं। अधिकारियों की लापरवाही का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि बिरसिंहपुर पाली में शासकीय निर्माण कार्य में बगैर खदान मुरूम का उत्खनन, परिवहन और उपयोग ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है, समय रहते जानकारी मिलने के बावजूद खनिज विभाग के जिम्मेदार हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। चर्चा है कि कथित ठेकेदार द्वारा मुरूम की जरूरत को इसी तरह अवैध उत्खनन से पूरा किया जा रहा है। मुरूम की अवैध उत्खनन की कीमत पर्यावरण को भी चुकाना पड़ रहा है। इस अवैध मुरूम खदान के आस-पास स्थित बड़े पेड़ों की जड़ों को भी खोद कर नुकसान पहुंचाया गया है, लेकिन अधिकारियों को न तो शासन को रहे राजस्व नुकसान की चिंता है और ना ही पर्यावरण की है।

### खुलेआम खपाया चोरी का खनिज

वर्तमान में शासकीय निर्माण में चोरी का खनिज खपाना अब चलन सा हो गया है, इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों से सांठ-गांठ कर ठेकेदार माफिया की तर्ज पर बगैर रॉयल्टी खनिज संपदा का उपयोग कर रहे हैं, वर्तमान में जिले के बिरसिंहपुर पाली में नगर पालिका से स्वीकृत निर्माण कार्य चल रहे हैं, जिसमें चोरी के खनिज के उपयोग होने के चर्चा जमकर हो रही है, इस मामले में खनिज विभाग से लेकर नगर पालिका परिषद में बैठे जिम्मेदारों को भी अवगत कराया जा चुका है, बावजूद इसके जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए है, एक ओर जिले के मुखिया अवैध-उत्खनन परिवहन पर रोक लगाने की बातें बैठकों में करते हैं, मजे की बात तो यह है कि शासकीय निर्माण कार्यो में ही चोरी का खनिज खप रहा है। जिला प्रशासन अगर चाहे तो नगर पालिका परिषद बिरसिंहपुर पाली में हो रहे निर्माण में उपयोग हुए खनिज की रॉयल्टी ठेकेदार से मांग ले, पूरा मामला साफ हो जायेगा।

### यह है मामला

बिरसिंहपुर पाली नगर पालिका परिषद में मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से 3 करोड़ 84 लाख रूपये की लागत से बजट स्वीकृत हुआ है। जिसके अंतर्गत 2 सडक़, 1 कार्यालय, 1 ऑडिटोरियम का निर्माण कराया जाना है। उक्त निर्माण का ठेका किसी सतीश गुप्ता को मिला है, लेकिन इसके पीछे बंटी नामक व्यक्ति अपनी रोटी सेंक रहा है, निर्माण शुरू



होने से पूर्व निर्माण स्थल पर प्राक्कलन बोर्ड के प्रावधान है, लेकिन नगर पालिका परिषद के जिम्मेदारों से मिलकर खुलकर नियमों को रौंदा जा रहा है, खबर है कि बीते दिनो निर्माण कार्य के दौरान मजदूर को चोट भी आई, इससे यह भी साबित होता है कि मजदूरों के सुरक्षा के कोई इंतजाम ठेकेदार द्वारा नहीं किया गया है। वार्ड नंबर 15 दफाई कालोनी में 92 लाख की लागत से सीसी सडक़ का निर्माण हो रहा है, जहां बीते दिनों चोरी की मुरूम खपाने की चर्चा किसी से छुपी नहीं है, खनिज विभाग कलेक्टर के अवैध उत्खनन रोकने के आदेश के प्रति कितने गंभीर है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है।

### मुख्यमंत्री के पास विभाग

जिले में इस समय एक भी स्वीकृत रेत घाट और मुरूम खदान नहीं है। सरकारी और नीजि निर्माण कार्यो में खुल कर अवैध उत्खनन से प्राप्त रेत और मुरूम का प्रयोग किया जा रहा है। निर्माण कार्य बाधित होने का हवाला देते हुए जिम्मेदार अधिकारी इस पर हाथ डालने के लिए तैयार नहीं है। इसे लेकर प्रशासनिक अधिकारी भी उदासीन है। जबकि खनिज मंत्रालय खुद मुख्यमंत्री ने अपने पास रखा हुआ है, बावजूद इसके अधिकारियों को यह भय नहीं है कि अवैध कारोबार के चलते मुख्यमंत्री की छवि धूमिल हो सकती है। बेधडक़ खनिज सहित नगर पालिका के जिम्मेदार ठेकेदार को प्रश्रय दिये हुए है।

### मामले को लटका रहा विभाग

ठेकेदार सतीश पर बिरसिंहपुर पाली की नगर पालिका परिषद इतनी मेहरबान है कि बीते दिनों जब मुख्य नगर पालिका अधिकारी से रॉयल्टी के संबंध में बात की गई तो, उन्होंने कहा कि निर्माण के बाद रॉयल्टी ठेकेदार जमा कर देगा, वार्ड नंबर 15 दफाई कालोनी में सीसी सडक़ के निर्माण में अब तक जितनी भी मुरूम का उपयोग हुआ है, वह बगैर रॉयल्टी के ही उत्खनन किया गया है, समय रहते जांच करने की जगह विभाग के जिम्मेदार आज-कल, आज-कल पर मामला लटकाये हुए हैं। जानकारों का कहना है कि यह कोई एक निर्माण कार्य नहीं हैं, जहां मुरूम का अवैध उत्खनन खुलेआम किया गया है। शासकीय कार्यो में ऑन रिकार्ड मुरूम के बिल लग रहे हैं, लेकिन खनिज विभाग ने एक भी मुरूम खदान स्वीकृत नहीं की है।

# सीईओ जिला पंचायत ने किया जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र का निरीक्षण



**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया ने जिला मुख्यालय स्थित जिला दिव्यांग पुर्नवास का औचक रूप से निरीक्षण किया एवं दिव्यांग जनों को पुर्नवास केंद्र द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओ के बारे मे जानकारी प्राप्त की । निरीक्षण के दौरान उन्होने विशेष शिक्षा, फिजियोथेरेपी,स्पिच थेरेपी , नैदानिक मनोचिकित्सक का अवलोकन किया गया। उन्होने उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग को दिव्यांगजनो के लिए यूडीआईडी कार्ड समय पर जारी करने के निर्देश दिए गए तथा पुनर्वास केंद्र का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिव्यांगजनो को देने हेतु निर्देशित किया गया । निरिक्षण के दौरान उप संचालक सामाजिक न्याय एवं निशक्त जन कल्याण विभाग राजीव गुप्ता, अरविंद कुमार, प्रशासक एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

## करकेली, पाली एवं मानपुर के लिए दल गठित

**उमरिया।** कमिश्नर बी.एस.जामोद द्वारा खरीफ वर्ष 2024 के लिए जिले मे पंजीकृत डीलर शासकीय एवं अध्द शासकीय प्रतिष्ठानो मे खरीफ पूर्व गुणवत्ता पूर्ण आदान वितरण सुनिश्चित करने हेतु दिए गए निर्देश के परिपालन में जिले के करकेली, मानपुर एवं पाली में निगरानी समिति का गठन किया गया है। यह समिति अपने अधिकार क्षेत्र अंतर्गत निजी व्यवसायियो, शासकीय , सहकारी प्रतिष्ठानो का निरीक्षण कर, उर्वरक अधिनियम के अधीन उर्वरक गुण नियंत्रण के तहत कार्यवाही तथा अनियमितता पाई जाने पर प्राथमिकी दर्ज कराना सुनिश्चित करेगी तथा लाइसेंस निलंबन हेतु निरीक्षण प्रतिवेदन उप संचालक कृषि को प्रस्तुत करेगे। समिति में संबंधित विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उर्वरक निरीक्षक तथा कृषि विस्ताणर अधिकारी दल सदस्य बनाये गये है ।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

**उमरिया।** जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर साईंनाथ पैरामेडिकल कॉलेज उमरिया में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक की उपस्थिति में कार्यशाला का आयोजन किया गया । ब्लाक स्तर पर भी बैठक एवं रैली का आयोजन किया गया । गांव-गांव में जनजागरूक अभियान चलाया गया। डॉ. व्ही.एस.चंदेल जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा बताया गया कि डेंगू के लक्षण होने पर मरीज को तेज बुखार ,सिर दर्द मासपेशियों एवं जोड़ो में दर्द शरीर पर चकत्ते के निशान नाक व मसूड़ो से खून आना ऑख के पिछले हिस्से पे दर्द हो सकता है, अतः डेंगू के लक्षण आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र/आशा,ए.एन.एम. से सपर्क कर जिला चिकित्सालय में खून की जाँच करावें एवं उपचार लेवें। रविकुमार साहू जिला व्ही.बी.डी.सलाहकार ने बताया कि डेंगू से बचाव हेतु घर के आस-पास पानी जमा न होने दें व सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। सप्ताह में एक बार कूलर का पानी बदले एवं आस पास पाये जाने वाले कूलर टायर मटका टूटे फूटे डिब्बो में पानी जमा न होने दे एवं रूके हुये पानी में जला हुआ ऑयल केरोसीन एक ढक्कन डाले।

**डेगु क्या है-** डेंगु बुखार डेन नाम वायरस से होता है और यह एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। संक्रमित एडीज मच्छर के काटने से 3-5 दिन पश्चात डेंगु के लक्षण प्रकट होते हैं। डेंगू की बीमारी डेन नामक वायरस के कारण होता है डेन-1,डेन-2, डेन -3 एवं डेन-4 प्रकार के होते है ये वायरस अक्सर वर्षा ऋतु से सक्रिय रहकर शरद ऋतु तक एडीज मच्छर की सहायता से फैलते है। एडीज मच्छर के काटने से बचाव कर



एवं एडीज मच्छर की पैदाईस घरों में रोककर इस बीमारी से बचा जा सकता है।

**डेंगु के सामान्य लक्षण-** सिर में दर्द,ऑखों के पीछे दर्द तेज बुखार, शरीर में चकते या रेशेस ,भूख में कमी। 2-7 दिन बुखार, सिरदर्द, मांसपेसियों में दर्द, जोड़ों में दर्द, ऑखों के आसपास दर्द ;तमजतवववतइपजसंस चंपदद्ध। खसरा के जैसे चकते/दाने छाती और दोनों हाथों मे हो सकते है। बुखार आने एवं इन लक्षणों के पहले ही दिन शासकीय चिकित्सालय में डॉक्टरी सलाह लेकर उपचार प्रारंम्भ कर देना चाहिये। डेंगू के गंम्भीर लक्षण-नाक मसूडें से खून निकलना, उल्टी व मल के साथ खून आना, पेट में तेज दर्द होना, पेशाब कम होना एवं प्लेटनेट्सकी संख्या 40 हजार से कम होना । नाक, मसूड़ों, पेट/आंत ; से खून का रिसाव होना। गंभीर अवस्था में मरीज पहुंचे इसके लिए आवश्यक है कि सामान्य लक्षणों के उभरते ही चिकित्सकीय सलाह ली जावे। डेंगु की जाँच जिन जिलों में डेंगु की उपरोक्त जांच व्यवस्था है, वहां प्रतिदिन संभावित डेंगू के मरीज की जांच अनिवार्य रूप से की जावे। डेंगू की जांच-डेंगू की जांच जिला चिकित्सा उमरिया मे उपलब्ध है। एक से पाँच दिन तक बुखार होने पर एन.एस.-1 एलाईजा एवं पाँच दिन से अधिक का बुखार होने पर मेक-एलाईजा (आई.जी.एम.) किट से जांच की जाती है। डेंगू का उपचार- डेंगू बुखार डेन नामंक एक वायरस की वजह से होता है इसलिये मरीज में बीमारी के जो -जो लक्षण दिखाई देते हैं उसी के अनुसार मरीज का उपचार किया जाता है मरीज को केवल पैरासिटामाल गोली का सेवन कराना चाहिए। मरीज को सेलिसिलेट, एसप्रिन अथवा अन्य दर्द निवारक गोली का सेवन नहीं कराना चाहिये। मरीज को अधिक पसीना, उल्टी अथवा दस्त होने से शरीर में पानी की कमी होती है।

# 2 किलो गांजा के साथ मौके पर आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति कल्याणपुर तिराहा में एक काले रंग के चैन वाले बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर किसी ग्राहक को बिक्री करने के उद्देश्य से रखा है। जिस पर कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए कल्याणपुर तिराहा के पास घेराबंदी कर देखा तो एक व्यक्ति काले रंग का झोला हाथ में लिए मुडना नदी के पास घुमता हुआ दिखा, जिसने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया एवं झोले में कुछ सामग्री रखा था। जिसने अपना नाम पता पूछने पर नाम गोकुल यादव उर्फ राजा पिता तेमनलाल यादव उर्फ दाउ उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 37 पुरानी बस्ती थाना कोतवाली का होना बताया। उसके कब्जे में रखे झोले की तलाशी ली गई, जो झोला के अंदर में एक पन्नी के अन्दर 2.05 कि.ग्रा. अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया। पुलिस द्वारा आरोपी से मादक पदार्थ गांजा के संबंध में दस्तावेज मांगने पर उन्होनें कोई वैध दस्तावेज नही होना बताया। जिस पर उक्त मादक पदार्थ गांजा कीमती 30 हजार रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राघवेन्द्र तिवारी के कुशल नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक विश्वनाथ तिवारी, राकेश बागरी, रजनीश तिवारी, रामराज पाण्डेय, प्रधान आरक्षक मायाराम, सत्यनारायण पाण्डेय, आरक्षक रौनक पवार की भूमिका रही है।

### आबकारी एक्ट के तहत की कार्यवाही

थाना धनपुरी क्षेत्रांतर्गत 14 मई को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने स्थानीय धनपुरी में दबिश देकर आरोपी कौसल कोल की पत्नी उम्र 38 वर्ष निवासी धनपुरी के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 600 रूपये की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी धनपुरी के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक शरद प्रजापति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# छात्र-छात्राओं ने विमला ग्लोबल स्कूल का नाम किया रोशन

**ब्योहारी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित 10 वीं स्कूल परीक्षा सत्र 2023-24 का परिणाम घोषित हुआ। जिसमें तहसील की प्रतिष्ठित सीबीएसई विद्यालय विमला ग्लोबल स्कूल प्रथमवर्ष 10 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा तहसील स्तर मे सर्वाधिक अंक प्राप्त कर जिले मे स्कूल, प्रबंधक, शिक्षक एवं अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। 15 मई को विमला ग्लोबल स्कूल के चेयरमैन वीरेश सिंह रिंकू द्वारा प्रेसवार्ता के दौरान स्कूल के सभी बच्चो, स्टाफ, प्राचार्य, सिकेट्रीय एवं मैनेजर को बधाई देते हुए बताया गया कि आज जो परिणाम आया है, ये सब उन लोगों की मेहनत का नतीजा है। पहली बार विद्यालय के छात्र 10 वीं के सीबीएसई की परीक्षा मे 35 विद्यार्थी शामिल होकर 30 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिसमे से 5 विद्यार्थियों ने तहसील



स्तर पर टॉप किया है। पहली बार में ही 10 वीं की परीक्षा मे छात्र-छात्राओं द्वारा सत- प्रतिशत सफलता अर्जित कर विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन किया इस विद्यालय में कु.अपेक्षा जैन पिता आशुतोष जैन ने 94 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान अर्जित किया है। कु.ईसिका केशरी पिता अरविन्द कुमार 93 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। क्रिश केशरी पिता लक्ष्मीनारायण ने 89 प्रतिशत लाकर तीसरा स्थान। कु. रैनी गुप्ता पिता राकेश गुप्ता ने 88.8 प्रतिशत हासिल कर चौथा स्थान एवं प्रखर गुप्ता पिता विनय गुप्ता ने 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से समूचे नगरवासी एवं अभिभावक अत्यंत हर्षित है। अभिभावको ने विद्यालय प्रबंधन एवं उनके सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई प्रेषित की तथा भविष्य मे ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की है। वहीं विद्यालय प्रबंधन ने छात्र-छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें प्रेषित की एवं उत्कृष्ट नंबर लाने वाले छात्र-छात्राओं के घर जा कर मिठाई खिलाकर बधाई दी है।

## युवाओं ने डेंगू के प्रति चलाया जागरूकता अभियान दिलाई शपथ

**उमरिया।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जिले के सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें घर-घर जाकर ग्रामीण व शहर वासियों को डेंगू के प्रति जागरूक कर शपथ दिलाई गई। टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने कहा कि डेंगू एक ऐसी बीमारी है जिससे जागरूक रहकर अपना बचाव कर सकते हैं। प्रतिवर्ष 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य डेंगू के विषय में लोगों को बताना और इसके प्रति जागरूक करना है। इसके लिए सबसे जरूरी है मच्छरों की रोकथाम की जाए। उन्होंने बताया कि देश को डेंगू मुक्त करने का लक्ष्य आज हमारे सामने है। ऐसा तभी संभव है। जब समुदाय के लोगों को डेंगू के विषय में सही जानकारी हो।मच्छर के काटने से डेंगू होता है। यह मच्छर दिन में काटता है और स्थिर



एवं साफ पानी में पनपता है। तेज बुखार, बदन, सिर, जोड़ों में दर्द और आंखों के पीछे दर्द हो तो सतर्क हो जाएं। त्वचा पर लाल धब्बे या चकते का निशान, नाक-मसूढ़ों से या उल्टी के साथ रक्त स्राव होना डेंगू के लक्षण है। बताया कि दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। इसके साथ-साथ मच्छर भगाने वाली क्रीम या दवा का प्रयोग दिन में भी करें। पूरे शरीर को ढंकने वाले कपड़े पहनें। घर के सभी कमरों को साफ- सुथरा रखें। टूटे-फूटे बर्तनों, कूलर, एसी, फ्रीज में पानी जमा नहीं होने दें। पानी टंकी और घर के आसपास अन्य जगहों पर भी पानी नहीं जमने दें। जमे हुए पानी पर मिट्टी का तेल डालें। इस मौके हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,श्रीराम तिवारी,सत्यम सेन,लकी यादव,लवकुश बर्मन, अमर बर्मन, निरंजन कुशवाहा,कुश बर्मन मौजूद थे।

## कलेक्टर ने उन्मेश प्रशिक्षण कार्यक्रम को किया संबोधित

**शहडोल।** कलेक्टर तरूण भटनागर ने कहा कि हम सब का दायित्व है कि हम जिस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, उस क्षेत्र का मान और सम्मान बढाए, शिक्षक जैसा चाहे वैसा समाज का निर्माण कर सकता है, शिक्षक ही बेहतर समाज गढ़ता है। शहडोल। जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक बेहतर वातावरण का निर्माण हो इस लिए सभी शिक्षक मिलकर समन्वित प्रयास करें। सभी शिक्षक समन्वय स्थापित करते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। कलेक्टर तरूण भटनागर ने शासकीय कन्या शिक्षा परिसर कंचनपुर में आयोजित उन्मेश प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कलेक्टर ने कहा कि देनंदिनी बनाते हुए पाठयक्रम समय पर पूर्ण करना और छात्रों का नियमित मासिक मूल्यांकन करते हुए शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पालकों से संवाद और कमजोर छात्रों के लिए अतिरिक्त प्रयास करके स्थितियों में सुधार किया जा सकता है। शैक्षणिक संस्थाओं के प्राचार्य इसमें लीड लें और उन्मेश के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सतत रूप से कार्य करें। कलेक्टर ने उन्मेश प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शिक्षकों से कहा कि विद्यालयों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहें इसके लिए शिक्षक पूरी लगन, मेहनत एवं पूर्ण आस्था के साथ बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा दें। उन्होंने कहा कि उन्मेश प्रशिक्षण कार्यक्रम को उद्देश्य संभाग के शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में किये गए कार्यां का अनुभव साझा एक-दूसरें से करे जिससे विद्यालयों का परीक्षा परिणाम बेहतर होने के साथ विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा प्रदान हो सकें। कलेक्टर ने कन्या शिक्षा परिसर में किये जा रहे ग्रुप एक्टिविटी का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा सहित काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

# कन्या शिक्षा पाली में उन्मेयष प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया।** आयुक्त बी.एस.जामोद , संयुक्त संचालक शिक्षा एवं संभागीय उपायुक्त जन जातीय कार्य विभाग शहडोल के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पाली, एकलव्य पाली में उन्मेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यालय मे विद्यार्थियों के ठहराव, उपस्थिति बढाने के लिए विद्यालय एवं शिक्षण कक्षो के निर्माण पर जोर दिया गया । बच्चो एवं शिक्षको को स्वामित्व का बोध, छात्र शिक्षक एवं पालकों के बीच मधुर संबंध, संवाद, समुदाय की सहभागिता के महत्वव को बताते हुए इनमे सामंजस्य स्थापित करने के प्रयास को बढावा दिया गया । इस अवसर पर सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग अखिलेश पाण्डेय , जिला शिक्षा अधिकारी एम एस गौर सहित शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यशाला के माध्यम से शिक्षको से कहा गया है कि बच्चों की स्कूल मे उपस्थिति बढाए । बच्चो मे रटने की प्रवृत्ति को कम करने तथा सीखने की लालसा को बढाए । विद्यार्थी पर पास होने का दबाव नही बनाएं । शिक्षक नियमित रूप से स्कूल मे उपस्थित रहकर बच्चों को अध्यापन कार्य कराएं तथा बच्चों को शिक्षा अर्जित करने के दौरान आ रही कठिनाईयों को दूर करें । कार्यशाला में वर्तमान मे पदस्थ शिक्षको की मूल मानसिकता और चुनौतियों को समझने, एक आदर्श एवं संभव शिक्षक , शाला एवं गुणो का विजन तैयार करने सहित अन्य विषयो पर जानकारी प्रदाय की गई ।



# अधूरा नाली निर्माण कर खुला छोड़ा गड्ढा

**कोतमा।** नगर के वार्ड क्रमांक 4 निगवानी रोड में नगर पालिका के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से मुक्तिधाम के आगे केरहा नाला के पास नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। नाली बनाने के लिए गड्ढा खोदा गया था लेकिन ठेकेदार के द्वारा आधी अधूरी नाली का निर्माण करते हुए खोदे गए गड्ढे को खुला छोड़ दिया है। जिसके कारण आसपास के रह वासियों एवं आवागमन करने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खुले गड्ढे में जानवर एवं छोटे बच्चे गिर रहे हैं लेकिन नगर पालिका प्रशासन का ध्यान ईश्वर नहीं जा रहा है किसी दिन ऐसा ना हो कि कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो जाए तब नगर पालिका प्रसाशन की आंख खुले। आसपास के रहवासियों ने बताया कि ठेकेदार का कहना है कि जितना नाली निर्माण स्वीकृत हुआ था उतना निर्माण कर पूरा कर दिया गया है बाकी का निर्माण कर स्वीकृत मिलने के बाद शुरू किया जाएगा तब तक यह गड्ढा नहीं भरा जाएगा।



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर जल जीवन मिशन की आज करेंगी समीक्षा

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करेंगी। बैठक दोपहर बाद 3 बजे आरंभ होगी। बैठक में नल-जल योजनाओं के निर्माण की प्रगति, पूर्ण नल-जल योजनाओं को हस्तांतरित करने तथा जल प्रदाय की समीक्षा की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में एनएसयूआई ने नियुक्त किए पदाधिकारी



**रीवा।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई द्वारा जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में नवीन पदाधिकारीयो का गठन करते हुए कई छात्रों को जिम्मेदारी सौंपी। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने बताया कि अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में नवीन पदाधिकारीयो की नियुक्ति की गई है जिसमें देवेश शुक्ला को विश्वविद्यालय का अध्यक्ष व अभिषेक तिवारी को जिला महासचिव एवं प्रभारी विश्वविद्यालय शुभांगी सोनी को महिला विंग का इकाई अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, सभी पदाधिकारी की नियुक्ति करते हुए एक आवश्यक बैठक भी ली गई ।जिसमें कन्या महाविद्यालय के आंदोलन को जोरों शोरों से विश्वविद्यालय में छात्रों से समर्थन मांगने हेतु काम करने को कहा गया है। वा कांग्रेस पार्टी के विचारधारा से ज्यादा से ज्यादा छात्रों को जोड़ने की बात भी की गई और छात्र हित में लगातार आवाज उठाते रहे इन्ही बातो के साथ यह नियुक्ति की गई हैं।बैठक के दौरान एनएसयूआई जिला संगठन मंत्री शिवम मिश्रा शशिमॉल तिवारी जिला महासचिव गौरव पांडे व शिवांशु शुक्ला रीवा विधानसभा अध्यक्ष प्रतीक द्विवेदी चीरहुला ब्लॉक अध्यक्ष संस्कार त्रिपाठी जिला सचिव मोहित शुक्ला आदि सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राये मौजूद रहे।

### विंध्य को मिली नई सौगात अब आसानी से होगा दिमाक के कैंसर और नसों का उपचार



**रीवा ।** संजय गांधी अस्पताल रीवा में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्लाजी, डीन, सुपरीटेंडेंट, न्यूरोसर्जरी विभाग के अध्यापकों के अथक प्रयासों से मस्तिष्क की सर्जरी में उपयोग में लाया जाने वाला माइक्रोस्कोप संजय गांधी अस्पताल मे स्थापित किया गया। करीबन एक करोड़ 85 लाख की लागत से आया हुआ यह माइक्रोस्कोप रीवा एवं विंध्य क्षेत्र की चिकित्सा सुविधाओं में हर रोज आती नवीनता का जीता जागता उदाहरण है। यह माइक्रोस्कोप के द्वारा दिमाग का कैंसर, और दिमाग की नसों से जुड़ी हुई जटिल से जटिल प्रक्रिया करी जा सकती है। यह आधुनिक माइक्रोस्कोप रीवा एवं प्रदेश की जनता के लिए एक वरदान स्वरुप साबित होगा। मशीन का अनावरण तारीख बुधवार को संजय गांधी अस्पताल के नवनियुक्त डीन डॉ. सुनील अग्रवाल, अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा एवं डीएमटी प्रतिनिधि डॉ. रामाभिलाश दुबे द्वारा किया गया, इस दौरान संजय गाँधी अस्पताल के सर्जरी विभाग के विभागध्यक्ष डॉ. विनोद यदलवार, न्यूरोसर्जन डॉ. दिनेश पटेल, न्यूरोसर्जन डॉ. सोनपाल जिंदल, सर्जरी के पूर्व विभागध्यक्ष डॉ. रचना गुप्ता, रीवा जूड़ा के अध्यक्ष डॉ. आशय द्विवेदी एवं सर्जरी पिजी डॉ. सिद्धार्थ जैन भी उपस्थित रहे।

## मेगा प्रोजेक्ट पर ग्रहण लगा रहा 'सिविल विभाग'

# सुरक्षा के नाम बजट की बर्बादी उस पर भी चोरों की चांदी

**निर्माण कार्य जानकारी देने वाले कोई नहीं**

एसईसीएल के तत्कालीन सीएमडी, सोहागपुर कोयलांचल के तत्कालीन मुख्य महाप्रबंधक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की अथक मेहनत व लगातार प्रयासों के बाद रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट सोहागपुर कोयलांचल में आरंभ तो जरूर हो गया लेकिन उसकी अस्मिता और सुरक्षा पर एसईसीएल के ही सिविल विभाग द्वारा ग्रहण लगा दिया गया है।

धनपुरी।





रामपुर बटुरा खुली खदान की सुरक्षा और परिसंपत्तियों की रक्षा के नाम पर चार दिवारी बनाने में सिविल विभाग द्वारा उपक्रम (नौटंकी) मात्र पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं लेकिन सुरक्षा का लक्ष्य कोसों दूर नजर आ रहा है। सिविल विभाग के अधिकारी कब तक लूट खसोट के जरिए अपनी तोंद मोटी करते रहेंगे और एसईसीएल को चूना लगाते रहेंगे इन सवालों का जवाब फिलहाल किसी के पास नहीं है।दीवार नहीं टीन-टप्परएसईसीएल सोहागपुर एरिया मेगा प्रोजेक्ट रामपुर बटुरा ओसीएम कोयला यार्ड में कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं बनाई गई जिससे कोयला चोरी पर अंकुश कहीं लग पा रहा है। रामपुर बटुरा खदान से वाहनों के माध्यम से कोयला लाया जाता है और कोल यार्ड में हजारों टन कोयला रखा जाता है जहां से कोयला डिस्पैच होता है। कोल यार्ड से बड़ी मात्रा में कोयला चोरी को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से पूरे कोल यार्ड को ठेकेदार के माध्यम से लोहे और चद्दर बाउंड्री वॉल बनाकर सुरक्षा प्रदान किया जा रहा था। कोयला यार्ड में बनाए गए टीना और लोहे के माध्यम से बाउंड्री वॉल बनाई जा रही थी जिससे चोरी पर अंकुश लग सके बनने के पहले ही गतदिनो तेज हवा से बाउंड्री वाल में सपोर्ट के लिए हल्का लोहा जंगल जो सीमेंट गिट्टी के कंक्रीट इतना कमजोर था कि जमीन से एंगल उखड़ गया और ठेकेदार और सिविल विभाग के तथाकथित जिम्मेदारों की पोल खुल गई। सूत्रों की मानें तो सिविल विभाग में बैठे अधिकारीगण ठेकेदार को मोहरा बनाकर अंधाधुंध अवैध कमाई में जुटे हुए हैं।चोर-चोर मौसेरे भाईबाउंड्री वॉल में कहीं-कहीं पर उपयोग किया जाने वाला लोहे का एंगल टीन जब हवा की ताकत से मुड खुल और एंगल जमीन से उखड़ जाता है, बाउंड्री वॉल जब हवा का झोंका सहन नहीं पा रहा है तो चोरी रोकने के लिए यह टीन टप्पर कितना कारगर होगा यह अंदाजा लगाया जा सकता है। इसके अलावा तीन एंगल के जरिए बाड़ बनाया जा रहा है जो चोरों के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है। सिविल इंजीनियर ठेकेदार के मिली भगत से बनाए जा रहे तीन एंगल के माध्यम से बाउंड्री वॉल लाखों की लागत से बनाए जा रहे लेकिन कोयला चोरी रोकने के लिए नाकाम साबित होगा। सिर्फ पैसे का दुरुपयोग होना बताया जा रहा है। सिविल विभाग के इस कार्य को देख कर यही कहा जा सकता है कि चोर चोर मौसेरे भाई बनकर एक दूसरे की मदद में चोर और सिविल विभाग के अधिकारी लगे हैं ।



## राम कथा का हुआ समापन



**ब्यौहारी** ब्यौहारी नगर परिषद के अंतर्गत सुंदी बाई केसरवानी हायर सेकेंडरी स्कूल में चल रही राम कथा का विगत दिनों समापन हो गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन सीधी की विधायक रीति पाठक भी भागवत कथा में सम्मिलित होकर कथा बाचक संत शरण जू महाराज से उदयभान त्रिपाठी के निवास पर आशीर्वाद ग्रहण किया। राम कथा के पश्चात भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया इस कथा की आयोजन में आयोजन समिति द्वारा कथा को भव्य बनाने में आयोजन समिति द्वारा कोई कसर नहीं छोड़ी गई। ब्यौहारी- में इतनी भव्य रामकथा पहली बार आयोजित की जिसमें नगर के सभी प्रबुद्ध जन शामिल हुए आयोजन समिति में प्रमुख रूप से विनय सोनी राकेश सोनी हरिशंकर शुक्ला उदय भान त्रिपाठी संजय तिवारी का विशेष योगदान रहा।

# देख सुदामा की दीन दशा... करुणानिधि रोए

## सुदामा चरित्र देख भाव विभोर हुए श्रोता

**हवन, पूर्णाहुति, भंडारा आज**

धनपुरी।

श्री अंजनी प्रसाद शास्त्री महाराज ने भगवान श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता प्रेम की मिसाल का वर्णन किया तो प्रेम प्रसंग सुनकर दर्शकों क आंखों से आंसू नहीं रुक रहे थे। महाराज ने बताया कि सुदामा गरीब ब्राह्मण थे अपने बच्चों का पेट भर सके इतने भी सुदामा के पास पैसे नहीं थे सुदामा की पत्नी ने कहा हम भले ही भूखे रहे लेकिन बच्चों का पेट तो भरना चाहिए ना इतना बोलते बोलते उनकी आंखों में आंसू आ गए सुदामा को बहुत दुख हुआ। उन्होंने कहा क्या कर सकते हैं किसी के पास मांगने थोड़ी ही जा सकते हैं पत्नी ने सुदामा से कहा आप कई बार कृष्ण जी की बात करते हो आपकी उनके साथ बहुत मित्रता है ऐसा कहते हो तो द्वारका के राजा हैं क्यों नहीं चाहते जाइए ना वहां कुछ भी मांगना नहीं पड़ेगा सुदामा को पत्नी की बात सही लगी सुदामा ने द्वारिका जाऊंगा लेकिन उनके बच्चों के लिए क्या लेकर जाऊं सुदामा की पत्नी पड़ोस में गई और वहां से चना लेकर एक पोटली बनाकर दे दी सुदामा पोटली लेकर द्वारकाधीश के महल में पहुंचे। संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन व आयोजक आसाराम वर्मा श्रीमती लीलावती वर्मा निज निवास दूरभाष केंद्र वार्ड नंबर 4 सार्वजनिक स्टेज स्थित प्रांगण में 10 से 17 मई 2024 तक किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा व्यास श्री अंजनी प्रसाद शास्त्री महाराज जी के द्वारा भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 17 मई 2024 शुक्रवार को हवन पूर्णहुति के उपरांत ब्राह्मण भोजन एवं भंडारा का आयोजन।



**झोपड़ी की जगह महल:** श्रीकृष्ण ने सुदामा का नाम सुनते ही नंगे पैर दौड़कर गले लगा लिया और सुदामा को बाहर ले गए पोटली में रखे चना को बड़े स्वाद अमृत जैसा कहकर खाने लगे तीसरे दिन जब सुदामा जी वापस जाने लगे तो कृष्ण जी सुदामा को बाहर तक छोड़ने गए घर जाते हुए सुदामा को विचार आया घर पर पत्नी पूछेगी क्या लाए हो क्या जवाब दूंगा। सुदामा घर पहुंचते ही वहां अपनी झोपड़ी नजर नहीं आया सुंदर घर में उसकी पत्नी बाहर आई और कहा कि कृष्ण हमारे सारे दुख दूर कर दिए सुदामा को कृष्ण का प्रेम याद आया उनकी आंखों को मैं उसी समय आंसू आ गए। भागवत कथा उपरांत सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण वर्मा परिवार जनों के द्वारा हलवा मिस्त्री खीर बूंदी प्रसाद का वितरण, छप्पन भोग विशाल प्रसाद का वितरण किया गया। आज ,पूर्णाहूति, भंडारे का आयोजन धनपुरी वार्ड नंबर 4 दूरभाष केंद्र के पास प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन वर्मा परिवार के द्वारा नगर वासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर हवन, तर्पण, ब्राह्मण भोज, भंडारा प्रसाद ग्रहण के साथ भागवत कथा का समापन।

# विहान हॉस्पिटल में महिला की मौत के बाद सौदेबाजी

## परिजनों ने लगाया मौत के बाद भी इलाज जारी रखने का आरोप

रीवा ।

जिले के रतहरा में संचालित विहान हॉस्पिटल में महिला मरीज की मौत के बाद बुधवार को हंगामा हो गया। परिजनों ने सांसे थमने के बाद भी इलाज जारी रखने का आरोप लगाया है। महिला को पथरी का ऑपरेशन कराने के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मिली जानकारी के अनुसार नईगढ़ी क्षेत्र के भलुहा गांव निवासी माधुरी पटेल नाम की महिला को पथरी की शिकायत थी। परिजन उसे 9 मई को विहान हॉस्पिटल उपचार के लिये लेकर पहुंचे थे। यहां पर चिकित्सकों ने जांच किया और ऑपरेशन करने की बात कही। 10 मई को महिला का ऑपरेशन किया गया। इसके बाद उसकी तबियत बिगड़ गई। महिला को वेंटीलेटर पर रखा गया और परिजनों पर रुपये लाने का दबाव बनाया गया। इस बीच महिला की तबियत बिगड़ती चली गई। परिजनों को उससे मिलने नहीं दिया गया । मृतिका के भाई मनीष पटेल ने बताया कि माधुरी की मौत के बाद डॉ. राकेश पटेल ने अपने आवास में बुलाया था। यहां पर उनके द्वारा मामले को दबाने के लिये 50 हजार रुपये देने का प्रयास किया गया।





इसके अलावा बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा भी लेने की बात कही गई। ऐसे में जाहिर है कि इस मामले में अस्पताल प्रबंधन ने घोर लापरवाही की है। जिसकी वजह से परिजनों को रुपये देकर शांत कराने का प्रयास किया गया ।बुधवार की सुबह अस्पताल प्रबंधन की ओर से बताया गया कि महिला की सांसे थम चुकी हैं। जिसके बाद परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा को शांत करने व अस्पताल की कमियों को छिपाने के लिये परिजनों को अस्पताल प्रबंधन की ओर से 50 हजार रुपये देने का प्रयास किया गया, लेकिन परिजनों ने रुपये लेने से इनकार कर दिया। परिजनों ने कहा है कि मामले की शिकायत पुलिस समेत वरिष्ठ अधिकारियों से की जायेगी।

### मृतिका के बच्चे हो गए अनाथ

परिजनों ने बताया कि माधुरी के पति की मृत्यु कुछ वर्ष पहले ही हो गई थी। उसके दो बच्चे हैं, जिनका भरण पोषण वह किसी तरह से करती थी। लेकिन माधुरी की जान भी विहान हॉस्पिटल ने ले ली, जिसकी वजह से बच्चे अनाथ हो गये हैं। अब बच्चों की देखभाल का संकट खड़ा हो गया है।

### घटना के कई घंटे बीत जाने के बाद अस्पताल प्रबंधन में दी सफाई

घटना के कई घंटे बीत जाने के बाद गुरुवार को अस्पताल प्रबंधक इंजी कल्पना पटेल ने बताया की कुछ स्थानीय लोगों के बहकावे पर जाकर परिजनों ने गलत आरोप लगाया है। परिजनों के मर्जी से ही ऑपरेशन किया गया था लेकिन ऑपरेशन के बाद महिला को कार्डिया अटैक आने से मौत हो गई परिजनों ने गलत आरोप लगाया है महिला का इलाज आयुष्मान योजना के तहत हुआ था।

# मऊगंज में तीन दिवसीय पुस्तक मेले का हुआ शुभारंभ


मऊगंज।

अशासकीय शालाओं में अध्यनरत छात्र व छात्राओं हेतु पालकों को गुणवत्तापूर्ण व उचित मूल्य पर एक ही स्थान से सामग्री कर करने हेतु जिला स्तरीय तीन दिवसीय पुस्तक मेले का भव्य शुभारंभ जनपद सभागार मऊगंज में हुआ। पुस्तक मेले का आयोजन राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल एवं जिला शिक्षा केंद्र रीवा तथा कलेक्टर मऊगंज के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है। आयोजित पुस्तक मेले का उद्देश्य पालकों को मनचाही दुकान से उचित मूल्य पर पाठय पुस्तक एवं अन्य सामग्री क्रय कराया जाना है। आयोजित जिला स्तरीय पुस्तक मेले में मऊगंज जिले की विभिन्न फर्मो से व्यापारियों ने पहुंचकर अपने-अपने स्टाल लगाकर पुस्तक कॉपी स्कूल यूनिफॉर्म स्कूल संबंधी सामग्रियों को उचित दामों में विक्रय किया। व्यापारियों द्वारा लगाए गए स्टाल पर क्षेत्र से आए पालकों ने भ्रमण किया एवं सालेय सामग्री क्रय की गई।गौरतलब है कि मऊगंज जिला मुख्यालय स्थित जनपद सभागार में तीन दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है 16 मई से प्रारंभ पुस्तक मेला 18 मई तक चलेगा। जिसमें जिला क्षेत्र के छात्र अभिभावकों द्वारा मनचाही पुस्तक यूनिफॉर्म बैग के साथ पठन-पाठन सामग्री खरीद सकेंगे। आयोजित मेले का शुभारंभ विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ किया गया। उपरांत विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित छात्र अभिभावको संस्था प्रमुखों एवं व्यापारियों को इस आशय की जानकारी प्रदान की गई की वास्तव में पुस्तक मेला का उद्देश्य क्या है। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मऊगंज हनुमना नईगढ़ी विकासखंडों के विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीआरसीसी एवं प्राइवेट विद्यालयों के संस्था प्रमुखों के साथ छात्र अभिभावक मौजूद रहे।



## योजनाओं का लाभ दिलाने की एवज में सुपरवाइजर ने मांगी रिश्वत

**मऊगंज।** जिले के ढेरा सेक्टर की सुपरवाइजर पर योजनाओं का लाभ दिलाने की एवज में रिश्वत मांगने का आरोप लगा है। यह पूरा मामला मऊगंज जिले के महिला बाल विकास सेक्टर ढेरा का है।जो मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल का गृहग्राम भी है जहां हितग्राही ने सुपरवाइजर शांति पटेल पर मातृवंदना योजना में लाभ दिलाने की एवज में हितग्राही से 1000 की मांग की है।यह आरोप लगाते हुए पथरहा निवासी अमरजीत पाण्डेय ने बताया कि महिला बाल विकास विभाग में पदस्थ ढेरा सेक्टर की सुपरवाइजर ने मातृवंदना योजना में मिलने वाली अनुग्रह राशि 5000 दिलाए जाने की एवज में 1000 की मांग की और कहा कि ?तुम्हें फ्री के 5000 मिलेंगे तो 1000 देने में क्या हर्ज है? महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर पर रिश्वतखोरी का आरोप लगाते हुए हितग्राही ने बताया कि बच्चे के जन्म के ग्यारह महीने बीत जाने के बाद भी मुझे इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ नहीं मिला।जिसकी शिकायत मेरे द्वारा संबंधित विभाग के साथ सीएम हेल्पलाइन में भी की गई थी। जिसको सुपरवाइजर द्वारा दबाव बनाकर खारिज करवा दिया गया। सुपरवाइजर की प्रताड़ना से तंग हितग्राही ने फिलहाल मऊगंज जिले के कलेक्टर अजय श्रीवास्तव से शिकायत दर्ज कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है।



# किराए के मकान में युवक ने खुद को गोली मारी

रीवा ।

जिले के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत अनंतपुर में किराए के मकान में रहने वाले एक युवक ने अपने ऑफिस रूम में कनपटी पर गोली मारकर आत्महया का प्रयास किया। घटना की जानकारी मिलते ही घायल युवक को इलाज के लिए मिनर्वा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। घटना बुधवार की शाम की है। घायल युवक का नाम प्रवेश मिश्रा उर्फ सागर पिता राकेश मिश्रा 26 वर्ष मूल निवासी नारीवारी प्रयागराज (यूपी) है। बताया गया है कि युवक के सिर के बाहरी हिस्से पर गोली लगी जिसे डॉक्टरो ने ऑपरेशन कर गोली को बाहर निकाल दिया है। युवक ने किस कारण से आत्महत्या का प्रयास किया, इसकी जानकारी पुलिस द्वारा जुटाई जा रही है।

### सोलर प्लेट का व्यवसाय करता था युवक

अपने आप को गोली मारने वाला प्रवेश मिश्रा रीवा में अपने भैया के साथ रहकर सोलर एनर्जी का कार्य करता है। प्रवेश की भाभी नर्स हैं, जो बाहर पदस्थ हैं। लेकिन इस समय वे रीवा में ही हैं। बताया गया है कि दोपहर लगभग तीन बजे तीनों ने घर में भोजन किया। आशंका है की कर्ज या गलत संगत के चलते युवक ने यह आत्मघाती कदम उठाया है।

### रूम से पिस्टल बरामद

घटना स्थल पर पुलिस की एफएसएल टीम को मौके से पिस्टल और गोली बरामद हो गई है। फर्श पर खून भी पड़ा था। बताया जा रहा है कि कि गोली बाएं कनपटी को छूते हुए निकल गई। घायल युवक को निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है, जहां उसका उपचार शुरु है। युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। चिकित्सक उस पर नजर बनाए हुए हैं। उधर पुलिस भी घटना की वजह जानने का प्रयास कर रही है।

### इनका कहना है

अनंतपुर में युवक ने अपनी कनपटी में पिस्टल से फायर किया है, परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली जा रही है। युवक की हालत खतरे से बाहर है, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**विवेक सिंह, पुलिस अधीक्षक रीवा**

## गायब किशोर, किशोरी दस्तयाब

**मऊगंज।** पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देशन एवं अति. पु.अधी. मऊगंज अनुराग पाण्डेय तथा अनु. अधि. (पु.) मऊगंज सुश्री अँकिता सुल्या के मार्गदर्शन मे श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक महोदय रीवा जोन रीवा द्वारा गुम इंसान की दस्तयाबी हेतु चलाए गए विशेष अभियान के तहत 17 वर्षीय किशोरी एवं 16 वर्षीय बालक को दस्तयाब कर परिजनो को सुपुर्द किया गया। विवरण:- 01. दिनाँक 31.01.24 को थाना लौर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सगरा से 17 वर्षीय किशोरी के गुमने की सूचना प्राप्त होने पर धारा 363 ता.हि. का अपराध पँजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था, मामले की विवेचना, एवं अपहृता की पता तलाश दौरान आज दिनाँक 15.05.24 को अपहृता किशोरी को दस्तयाब कर उससे महिला पुलिस अधिकारी से पूँछताँछ कराकर उसके साथ कोई आपराधिक घटना घटित होना नहीं पाए जाने पर सकुशल उसे परिजनो के सुपुर्द किया गया। विवरण:- 02. दिनाँक 02.05.24 को रमेश कुमार तिवारी पिता रघुनाथ प्रसाद तिवारी उम्र 50 वर्ष नि. ग्राम जोरौट थाना नईगढ़ी जिला मऊगंज द्वारा कक्षा 10 वीं मे पढ़ने वाले अपने पुत्र प्रिंस तिवारी पिता रमेश कुमार तिवारी उम्र 16 वर्ष के 10 वीं के रिजल्ट मे पूरक आ जाने की वजह से परिजनो से डरवश देवतालाब मँदिर परिसर से कहीं चले जाने की सूचना दर्ज कराई गई थी, सूचना पर धारा 363 ता.हि. का अपराध पँजीबद्ध कर अपहृत बालक की पता तलाश दौरान आज दिनाँक 15.05.24 को दस्तयाब कर उससे पूँछताँछ उपरांत उसके साथ किसी प्रकार की आपराधिक घटना का घटित नहीं होना पाए जाने से परिजनो के सुपुर्द किया गया।

## खबर संक्षेप

### पशुपालकों से गौवंश, भैसवंश का निःशुल्क टीकाकरण करवाने की अपील

**अनूपपुर।** प्रदेश में खुरपका एवं मुंहपका रोग (एफएमडी) टीकाकरण का चतुर्थ चरण 15 मई, 2024 से प्रारंभ हो रहा है। सभी ग्रामों के समस्त गौवंश, भैसवंश को निःशुल्क टीकाकरण कराने हेतु टीका सभी संस्थाओं में भेजा जा चुका है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपसंचालक डा ए पी पटेल ने समस्त पशुपालको से अपने गौवंश और भैंस वंश के पशुओं को निः शुल्क टीकाकरण का लाभ उठाने की अपील की है।उन्होने जिले के बकरी एवं भेडो पालको को निःशुल्क पी.पी.आर. टीकाकरण करवाने की अपील करते हुए कहा है कि यह टीकाकरण कार्य 15 मई, 2024 से प्रारंभ हो गया है। डॉ पटेल ने बताया कि उपरोक्त दोनों बीमारियां वायरस के द्वारा फैलती हैं, बीमारी होने पर पशुमालिक को आर्थिक हानि उठानी पड़ती है। टीकाकरण करवाकर अपने पशुओं को स्वस्थ्य रखें। स्वस्थ पशु से किसान आर्थिक रूप से सम्पन्न होगा।

### मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण 20 मई को

**अनूपपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना कार्य में लगाए गए माइक्रो आब्जर्वर/ गणना पर्यवेक्षक/ गणना सहायक का प्रशिक्षण 20 मई 2024 को प्रातः 10 बजे से 1 तक शासकीय एकलव्य आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में आयोजित किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ट शर्मा ने बताया है कि मतगणना दल में लगाए गए सभी मतगणना कार्मिकों को निर्धारित तिथि पर प्रात 9:30 बजे अनिवार्यतः उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं उन्होंने मतगणना कार्मिकों से निर्धारित दिनांक व समय पर उपस्थिति की अपील की है।

### पुष्पराजगढ़ के झांझर टोला में रोका गया बाल विवाह

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ एवं पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार के दिशा निर्देशन अनुसार गुरूवार 16 मई को जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत पिपरखुटा के ग्राम झांझर टोला में बाल विवाह को रोका गया। इस दौरान अजजा वर्ग के वर एवं वधु पक्ष के अभिभावकों को समझाईश दी गई कि बाल विवाह करना एवं करवाना एक कानूनी अपराध है। विवाह के लिए वर की आयु 21 वर्ष तथा वधु की आयु 18 वर्ष से कम नही होनी चाहिए। इस अपराध के लिए सजा का प्रावधान है। समझाईश के बाद दोनो पक्षों के अभिभावकों ने बालिग होने के उपरांत विवाह सम्पन्न कराने की बात कही। बाल विवाह रोकने में महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायक संचालक श्रीमती मंजूषा शर्मा, पर्यवेक्षक कृष्णलता मरावी, कुसुम लकड़ा एवं थाना करनपठार के एएसआई कमल व पुलिस आरक्षक शशि गोंड़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### खेत में दवा डाल रहे युवक की सर्पदंश से मौत

**ढीमरखेड़ा।** उमरियापान थाना क्षेत्र में मंगलवार को खेत में दवा डाल रहे एक युवक की सर्पदंश से मौत हो गई है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है। प्रधान आरक्षक योगेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि उमरियापान के नई बस्ती निवासी बैजनाथ पिता बद्री प्रसाद चक्रवर्ती (40) टोला हार में अपने खेत में बोई उड़द की फसल में दवा डाल रहा था। इसी दौरान जहरीले सर्प ने डस दिया। घर पहुँचकर युवक ने परिजनों को जानकारी दी।जिसके बाद परिजनों ने उपचार के लिए उमरियापान अस्पताल में भर्ती कराया। कहा उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

### आंधी तूफान से पलटा आटो, 4 लोग हुए घायल

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत इंद्रा नगर क्षेत्र में गत शाम तेज आंधी की चपेट में आया सवारियों से भरा ऑटो पलटने से 4 लोग घायल हो गए। घायलों इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार गत शाम तेज आंधी तूफान के दौरान इंद्रा नगर से गुजर रहा ऑटो आंधी के कारण पलट गया।

---

कोरम पूरा करने तक सीमित विभाग की छापेमारी

# जिले में मिलावटी तेल का जमकर चल रहा काला खेल



बढ़ती मांग को देखते हुए मुनाफाखोरों ने खाद्य वस्तुओं की कालाबाजारी भी शुरू कर दी है। पिछले कुछ दिनों में खुदरा बाजार में लगभग हर खाद्य वस्तु के दाम में 10 से 20 फीसदी तक की वृद्धि हो गई है और संबंधित विभाग इसे लेकर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा। शासन-प्रशासन चाहे लाख दावे करे कि नकली खाद्य सामग्री पर बाजार में पूर्णतः अंकुश लगा दिया गया है, लेकिन बाजार की स्थिति कुछ और ही बयां कर रही है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम मिलावटी तेल-धड़ल्ले से बिक रहा है। यह आम आदमी के स्वास्थ्य पर असर डालने के साथ रसोई का बजट भी बिगाड़ रहा है।

**अनूपपुर।** शहरों से लेकर देहात तक मिलावटखोरों का जाल बिछा हुआ है। सरसों से लेकर सोयाबीन, रिफाइंड तक के तेल में मिलावट की जाती है यह बात किसी से छिपी नहीं है। नगर से लेकर गांव देहात के दुकानों में देखा जाए तो यहां पर तमाम ऐसे ब्रांड देखने को मिलेंगे जो कंपनियां सरकार से ही रजिस्टर्ड नहीं हैं। इसके अलावा तमाम तेल के स्पेलर पर भी मिलावट का धंधा जमकर किया जाता है। यहां पर सरसों, सोयाबीन, रिफाइंड के तेल में प्रतिबंधित पामआयल बोतलों में भरकर खुलेआम बिक्री की जा रही है। स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक पामआयल की तेल बनाने वाले कुछ कारोबारियों के यहां रातों-रात बड़ी खेप उतरती है।

#### मिलावटी तेल का चल रहा खेल

नगर सहित गांवों में खुलेआम मिलावटी तेल धड़ल्ले से बिक रहा है परंतु खाद्य विभाग के अधिकारियों की हिम्मत नहीं कि उसे रोक पाए। सरकारी कोरम पूरा करने के लिए थोड़े समय के लिए छापामारी चालू होती है फिर बंद हो जाती है। इस समय बाजार में मिलावटी सरसों का तेल धड़ल्ले से बिक रहा है। क्षेत्र के कई व्यापारी असली सरसों के तेल की तरह से ही एक दम पीले और चमकीले रंग का मिलावटी तेल बाकायदा ब्रांड्रेड कंपनी की बोतल और टीन में रैपर लगाकर नगर सहित क्षेत्र के दुकानों में खुलेआम बेचे जाने की बात सूत्र द्वारा बताई जा रही है। तेल माफिया सरसों के तेल में मिलावट करके जहां लाखों में खेल रहे हैं, वहीं जनता की जेब पर डाका और स्वास्थ्य से सरेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। अफसरों की हीलाहवाली के चलते मिलावट खोर कालाबाजारी करने वालों के हौसले बुलंद हैं। नकली तेल का यह खेल कई व्यापारियों के संरक्षण मे चल रहा है।

#### जिम्मेदार जानकर बने अंजान

बता दें कि जिले में इस समय खाद्य तेल का काला कारोबार जोरो से हो रहा है। सरसों के तेल में मिलावट खोरी कर तेल माफिया लाखों में खेल रहे हैं। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर से लेकर गांव-देहात में सरसों के तेल में राइसब्रान तेल मिलाकर सरसों के दामों पर बेचा जा रहा है। शुद्ध सरसों के तेल से आधी कीमत पर ही पॉमआयल व राइस ब्रान (चावल के छिलके से तैयार तेल) मिलाकर कई गुना अधिक तक कमाई की जा रही है। शुद्ध सरसों के पीले रंग के लिए खतरनाक केमिकल का प्रयोग कर

#### जनता की स्वास्थ्य से सरेआम कर रहे खिलवाड़, कड़ी कार्यवाही की जरूरत

तेल माफिया जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि जिले में गुपचुप तरीके से भारी मात्रा में पॉम ऑयल व राइसब्रान तेल बाहर से मंगाया जा रहा है। इसकी जानकारी खाद्य व आपूर्ति विभाग को ही नहीं, बल्कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आला अफसरों को भी है। बावजूद इसके मिलावटखोरों पर कोई




कार्रवाई नहीं की जा रही है, वहीं डॉक्टरों का कहना है कि इस मिलावटी तेल का लगातार इस्तेमाल करने से जान तक जा सकती है। अधिक मुनाफे के चक्कर में फुटकर विक्रेता इस तेल को क्षेत्र में बिक्री कर रहे हैं। अंजान उपभोक्ता इस तेल को खरीदकर बेवजह ही विभिन्न गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं।

#### सवालों के घेरे में औषधि विभाग

प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व मे शुद्ध के लिए युद्ध अभियान चलाया गया था जिसके तहत मिलावटखोरों पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश प्रशासनिक अधिकारियों को दिए गए थे पर मिलावट खोरी करने वालों के खिलाफ प्रदेश सरकार के सभी आदेश निर्देश क्षेत्र में खुलेआम बिक रहे खाद्य तेल पर सवाल खड़े कर रहे हैं। जिले में मिलावटी खाद्य सामग्रियों के विक्रय पर अंकुश लगाने के बजाए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग केवल सैंपल लेने तक सीमित रह गया है। हर साल कोरम पूरा करने के लिए खाद्य पदार्थों के सैंपल खाद्य निरीक्षक ले रहे हैं, लेकिन अब तक दूषित और मिलावटी खाद्य सामग्रियों को बेचने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सैंपल लेने के बाद जांच के लिए भेजे जाने पर जांच रिपोर्ट का कोई पता भी नागरिकों को नहीं है। खाद्य निरीक्षकों के मुताबिक ज्यादातर जांच रिपोर्ट में कोई गड़बड़ी नहीं आती है।

---

## लोकसभा निर्वाचन के मतगणना दिनांक तक लोक परिशांति बनाए रखने कलेक्टर ने प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा आदेश किए लागू



**अनूपपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा की गई है, जिसके अनुसार जिले में 19 अप्रैल 2024 को मतदान सम्पन्न हो चुका है तथा आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। जिले में कार्यालयीन आदेश दिनांक 16 मार्च 2024 से 02 माह की अवधि के लिए धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया था। चूंकि लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना 4 जून 2024 को सम्पन्न होगी, उक्त अवधि तक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। आदर्श आचरण संहिता के प्रभावशील रहने के दौरान मतगणना दिनांक तक लोक परिशान्ति बनाये रखने हेतु कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री आशीष वशिष्ठ ने समस्त जन साधारण की सुविधा के लिए असामाजिक तत्वों के विरुद्ध दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144(1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तिओं का प्रयोग करते हुये सम्पूर्ण अनूपपुर जिले में प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा आदेश 15 मई 2024 से 5 जून 2024 तक के लिये लागू किया है।

आदेश में कहा गया है कि जिले में उक्त अवधि में कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थल पर आग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेगा। उक्त अवधि में कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक रूप से खतरनाक हथियार/पदार्थ लेकर नहीं चलेगा। उक्त अवधि में कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थल पर पटाखों का उपयोग नहीं करेगा। उक्त अवधि में कोई भी जूलूस, रैली, आमसभा, सम्मेलन सक्षम अधिकारी, संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारी की अनुमति के बिना आयोजित नहीं होगी। कोई भी व्यक्ति, अभ्यर्थी तथा राजनैतिक दल, सक्षम अधिकारी संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारी के 48 घंटे पूर्व अनुमति तथा पुलिस को पूर्व सूचना दिये बिना कोई जुलूस नहीं निकालेगा। कोई भी व्यक्ति, अभ्यर्थी तथा राजनैतिक दल, सक्षम अधिकारी संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारी के 48 घंटे पूर्व अनुमति तथा पुलिस को पूर्व सूचना दिये बिना आमसभा का आयोजन नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति, अभ्यर्थी तथा राजनैतिक दल किसी भी सार्वजनिक स्थान पर टेंट, शामियाना, वैनर-पोस्टर आदि नहीं लगाएगा। जिले में कोई भी व्यक्ति सक्षम अधिकारी संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारी के बिना अनुमति के ध्वनि विस्तार यंत्र का प्रयोग नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, हाईक, ट्यूटर, एसएमएस, इंस्टाग्राम इत्यादि का दुरूपयोग धार्मिक, सामाजिक, जातिगत भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने के लिये किसी भी प्रकार के संदेशों का कमेंट, लाइक, शेयर एवं प्रसारण नहीं करेगा। ग्रुप एडमिन की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि वह ग्रुप में इस प्रकार के संदेशों को रोके। कोई भी व्यक्ति उपरोक्त सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म में किसी प्रकार की आपत्तिजनक एवं उन्माद फैलाने वाले संदेश, फोटो, आडियो वीडियो इत्यादि सम्मिलित है, जिसमें धार्मिक, सामाजिक, जातिगत आदि भावनाएं भड़क सकती है या सांम्प्रदायिक विद्वेष पैदा हो प्रसारित नहीं करेगा और न भेजेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने की दशा में संबंधित के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जावेगी।

---

## मजदूरी कर वापस आ रही महिला की बीमार हालत में अनूपपुर स्टेशन में मौत

### रेलवे पुलिस एवं 108 की संचालक की लापरवाही से गई जान

**अनूपपुर।** गुरुवार की सुबह अनूपपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर एक महिला मजदूर जो अपने 3 वर्ष की अबोध पुत्री के साथ मजदूरी का काम कर वापस लौटी रही कि अचानक बीमारी के कारण लेटे-लेटे ही मौत हो गई। जीआरपी पुलिस एवं 108 एंबुलेंस के भोपाल स्थित संचालक की लापरवाही के कारण महिला मजदूर की जान देर से अस्पताल पहुंचने के कारण हुई वहीं मृतिका की तीन वर्ष की अबोध बालिका विचलित एवं परेशान रही, जीआरपी पुलिस अनूपपुर का एक छोटा सा भी कर्मचारी मानवता वश महिला मजदूर को देखने तक की फुर्सत नहीं निकाल सका। यात्रियों द्वारा 100 डायल पुलिस को सूचना दिए जाने पर 100 डायल पुलिस एवं आरपीएफ पुलिस तथा सामाजिक कार्यकर्ता के पहुंचने तथा स्टेशन मास्टर एवं जीआरपी अनूपपुर के पुलिस का इंतजार करते-करते थक जाने के बाद तथा 108 एंबुलेंस के भोपाल स्थित संचालक के एंबुलेंस भेजने की जगह आधे घंटे तक विभिन्न तरह की बातें पूछते रहने से अत्यंत विलंब होने के कारण महिला मजदूर की जिला अस्पताल ले जाने पर ड्यूटी डॉक्टर द्वारा परीक्षण के पर पूर्व से मृत होना बताया गया, जिसकी सूचना पर जिला अस्पताल पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई तथा पति की उपस्थिति में मृतिका के शव को जिला प्रशासन एवं सीएमएचओ के सहयोग से शव वाहन से उसके पैतृक गांव डिण्डौरी जिला भेजा गया। घटना के संबंध में बताया गया कि डिंडोरी जिले के गाडासरई थाना अंतर्गत बरगांव निवासी शिवराम मार्को की 28 वर्षीय पत्नी सरोज मार्को अपनी 3 वर्ष उम्र की पुत्री मोनिका के साथ दो माह पहले अपने मायका से किसी के साथ उत्तरप्रदेश के कानपुर के समीप स्थित भर्वा सुमेरपुर नामक स्थान पर मजदूरी का काम करने गई रही जो 15 मई को ट्रेन में अपनी पुत्री के साथ 16 में की सुबह अनूपपुर स्टेशन में उतरी तथा इस बीच सरोज ने अपने भतीजे को फोन के माध्यम से अनूपपुर आने तथा पति शिवराम मार्को को अनूपपुर स्टेशन भेजने की बात कही। इस बीच सरोज की अचानक ज्यादा तबीयत खराब हो जाने पर वह अनूपपुर के प्लेटफार्म क्रमांक एक में आरपीएफ थाना के पास अपनी बच्ची के साथ लेटी रही तभी वह अचेत हो गई। कई यात्रियों एवं अन्य के द्वारा स्टेशन मास्टर अनूपपुर, जीआरपी पुलिस अनूपपुर, आरपीएफ पुलिस अनूपपुर को जानकारी देते हुए 108 एम्बुलेंस पर फोन किया किंतु भोपाल स्थित 108 एंबुलेंस संचालक द्वारा एंबुलेंस भेजने की जगह सूचनाकर्ता से ही विभिन्न तरह की बातें आधे घंटे तक करते रहे वहीं सूचना के बाद भी जीआरपी पुलिस का एक अदना सा कर्मचारी गंभीर रूप से बीमार, अचेत अवस्था में पड़ी महिला को देखने तक की फुर्सत नहीं निकाल सका वही यात्रियों द्वारा हंड्रेड डायल पुलिस को सूचना दिए जाने पर हंड्रेड डायल के आरक्षक कपिल सोलंकी, पायलट मनोज कुमार यादव रेलवे स्टेशन पहुंचकर उनके द्वारा भी स्टेशन मास्टर एवं जीआरपी थाना अनूपपुर को सूचना दी गई किंतु काफी देर बाद भी कोई नहीं आया। घटना की जानकारी पर अनूपपुर के समाजसेवी शशिधर अग्रवाल भी मौके पर पहुंचकर हंड्रेड डायल पुलिस, आरपीएफ पुलिस एवं स्टेशन के अधिकारियों, सफाई कर्मचारियों के सहयोग से महिला को 108 एंबुलेंस से पीड़ति को जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाया गया। इस बीच महिला यात्रियों द्वारा अचेत अवस्था में पड़ी महिला मजदूर की अबोध बालिका को अपने पास रखकर उसे बिस्किट एवं अन्य खाने को दिया



गया, फोन से मिली जानकारी पर सरोज की पति शिवराम मार्को गांव से बस से चढ़ कर अनूपपुर स्टेशन पहुंचे तो उन्हें घटना की जानकारी दी गई। जिला चिकित्सालय के ड्यूटी डॉक्टर ने परीक्षण के दौरान सरोज की पूर्व में ही मृत्यु हो जाने की जानकारी देते हुए अस्पताल पुलिस को सूचित किया अस्पताल पुलिस द्वारा मृतिका के पति एवं सामाजिक कार्यकर्ता तथा सफाई कर्मचारियों के सहयोग से शव का पंचनामा करते हुए ड्यूटी डॉक्टर कुलदीप सिंह से शव परीक्षण की कार्यवाही करते हुए कार्यवाही प्रारंभ की इस बीच जिला प्रशासन एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी अनूपपुर डॉक्टर अशोक कुमार अवधिया के द्वारा मृतिका महिला मजदूर के शव को जिला चिकित्सालय के शव वाहन से पति के साथ पैतृक गांव डिंडौरी भेजा गया।

---

## कोतमा व बिजुरी क्षेत्र के फीडर में आज विद्युत आपूर्ति रहेगी अवरूद्ध

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि संचा./संधा. उप संभाग कोतमा अंतर्गत आने वाली समस्त 33 के.व्ही. लाईनों का आरडीएसएस योजना के तहत लाईन विस्तार का कार्य एवं 11 के.व्ही. लाईनों का अति आवश्यक मानसून पूर्व मेंटेनेंस कार्य 17 मई को किया जाना है। जिसके कारण 17 मई को प्रातः 7 बजे से प्रातः 11 बजे तक वितरण केन्द्र कोतमा अंतर्गत 11 के.व्ही. बदरा फीडर, 11 के.व्ही.

#### विद्युत लाईन विस्तार व मानसून पूर्व मेंटेनेंस का चलेगा काम

बेलिया फीडर व एच.टी. केवई पंप हाउस उपभोक्ता एवं उपकेन्द्र कोतमा, पसान, परासी के अंतर्गत आने वाले सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां, वितरण केन्द्र बिजुरी के 33 के.व्ही. लाइन अंतर्गत आने वाले समस्त क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां, वितरण केन्द्र कोतमा अंतर्गत पैरीचुआ, गोहन्ड्रा, मनमारी, बुढ़ानपुर आदि समस्त क्षेत्रों तथा वितरण केन्द्र कोतमा अंतर्गत बेलिया, रेउला, पिपरिया, बरगवां, जोगीटोला, सड्डी, बिजहा, लोढ़ी, बाबाटोला, राजाकछार, लोहासुर, छुलहा आदि अंतर्गत समस्त क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) ने बताया है कि विद्युत लाईन विस्तार कार्य तथा मानसून पूर्व मेंटेनेंस कार्य के अनुसार विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहने की समय सीमा को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

---

*निरीक्षण व मानीटरिंग नहीं करने पर गुणवत्ता हुई प्रभावित*

## भवन निर्माण में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी, कार्यवाही के लिए भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद नें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन बड़वारा के निर्माण कार्य के दौरान प्रगतिरत निर्माण कार्य का निरीक्षण व मॉनीटरिंग नहीं करने के फलस्वरूप निर्माण कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होनें पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा उपयंत्री राजेश डोंगरे के विरूद्ध मध्य प्रदेश संविदा सेवा भर्ती नियमों के तहत कार्यवाही करनें का प्रस्ताव मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को भेजा है।

#### जारी किया कारण बताओ नोटिस

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन बड़वारा के जांच उपरांत कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने उपयंत्री राजेश डोंगरे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करनें के निर्देश दिए गए। जिसके परिपालन में उपयंत्री राजेश डोंगरे द्वारा प्रस्तुत जवाब में निर्माण कार्य के दौरान प्राप्त कमियों को स्वीकार कराते हुए कमियों में सुधार करानें का लेख किया गया।

#### पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही

कलेक्टर अवि प्रसाद ने उपयंत्री राजेश डोंगरे द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण को समाधानकारक नहीं मानते हुए उनके द्वारा किये गए इस कृत्य को पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं उदासीनता तथा शासकीय कार्य के संपादन में रुचि नहीं लिये जाने पर राजेश डोंगरे उपयंत्री संविदा के विरुद्ध मप्र संविदा सेवा भर्ती नियमों एवं प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्यवाही करने का प्रस्ताव मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं चिकित्सीय शिक्षा विभाग को भेजा है।

#### कलेक्टर द्वारा किये गये निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में मिली कमियां

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन बड़वारा के गुणवत्ता मानकों की अनदेखी कर किये जा रहे निर्माण कार्य संबंधी शिकायत को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर विगत 27 अक्टूबर को कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विभाग द्वारा निर्माण कार्य की जांच की गई थी।

इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा कराये गये कार्यो की जांच के दौरान कुशल मिस्त्री से कार्य नहीं कराये जाने की वजह से अस्पताल भवन की गैलरी के कुछ टाईल्स निकले पाये गए तथा भवन स्थित लेट्रिन व बाथरूम में लगाये गए दरवाजे भी अत्यधिक कमजोर पाये गए थे।

---

## 94 हजार 547 मैट्रिक टन गेहूं उपार्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए जिले के उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से बुधवार 15 मई तक की अवधि में 15 हजार 789 किसानों से कुल 94 हजार 547 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जाकर 82 हजार 671 मैट्रिक टन गेहूं का परिवहन भी किया जा चुका है। कलेक्टर ने उपार्जित उपज का अविलंब परिवहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में छन्नाए पंखाए मॉइश्चर मीटरए परखीए तिरपाल एवं कृषकों के बैठने के लिए छायादार व्यवस्था तथा पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही राजस्वए खाद्य विभाग के अधिकारियों को निरंतर भ्रमण कर खरीदी केन्द्रों में कार्य का जायजा लेने के निर्देश दिए है।

जिले की समस्त तहसीलों में किये जा रहे उपार्जन कार्य में बुधवार 15 मई की स्थिति में तहसील बहोरीबंद निरंतर बढ़त में है। तहसील बहोरीबंद में अब तक कुल 4851 किसानों से 30 हजार 440 मैट्रिक टन गेहूं का उपार्जन कार्य किया जा चुका है इसमें से 28 हजार 504 मैट्रिक टन का परिवहन भी किया जा चुका है। जबकि दूसरे नंबर पर काबिज तहसील ढीमरखेड़ा मे 4032 किसानों से 22 हजार 937 मैट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया जाकर 20 हजार 895 मैट्रिक टन गेंहू का परिवहन भी किया जा चुका है। तीसरे नंबर पर तहसील विजयराघवगढ़ में 1469 किसानों से कुल 10 हजार 259 मैट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया जाकर 6 हजार 892 मैट्रिक टन का परिवहन भी किया जा चुका है। वहीं चौथे नंबर पर तहसील स्लीमनाबाद में 1372 किसानों से 9 हजार 411 मैट्रिक टन की खरीदी की जाकर 9 हजार 292 मैट्रिक टन का परिवहन भी किया जा चुका है। इसी प्रकार पांचवे नंबर पर तहसील बरही द्वारा 1314 किसानों से 6 हजार 455 मैट्रिक टन उपार्जित किया जाकर 4 हजार 700 मैट्रिक टन गेंहू का परिवहन भी किया जा चुका है।छठवे नंबर पर तहसील रीठी द्वारा 1182 किसानों से 6 हजार 295 मैट्रिक टन की खरीदी उपरांत 4 हजार 833 मैट्रिक टन का परिवहन कार्य किया जा चुका है। वहीं सातवे नंबर पर तहसील बड़वारा में 900 किसानों से 4 हजार 670 मैट्रिक टन की खरीदी उपरांत 3 हजार 825 मैट्रिक टन का उपर्जन के साथ ही तहसील कटनी में 15 मई की स्थिति में कुल 669 किसानों से 4 हजार 80 मैट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जाकर 3 हजार 731 मैट्रिक टन गेंहू का परिवहन भी किया जा चुका है।